नई दिल्ली
गुरुवार, 13 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 333
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 16

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



रोहित वनडे रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर तीन
11 शुभमन गिल की बादशाहत कायम

### भारत-मॉरीशस की साझेदारी को उन्नत रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने पर बनी सहमति

# मॉरीशस के नए संसद भवन का निर्माण करेगा भारत, पीएम मोदी ने की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच बुधवार को मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुइस में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ.नवीन चंद्र रामगुलाम के बीच एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें शीर्ष नेताओं ने दोनों देशों की साझेदारी को एक उन्नत रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने के लिए अपनी सहमति प्रदान की और एक साझा विजन भी सबके सामने रखा। जिसमें दोनों पक्षों की बातचीत को व्यापक और उत्पादक बताया गया। एक खुले हुए, स्वतंत्र, सुरक्षित आईओआर के लिए दोनों ने साझी प्राथमिकता जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में मॉरीशस के नए संसद भवन के निर्माण में सहयोग देने की घोषणा करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जननी की ओर से मॉरीशस को भेंट होगी। साथ ही उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से मॉरीशस के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं दीं। बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी बीते 11 मार्च से मॉरीशस की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर थे। जिसके लिए उन्हें खासतौर पर प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने आमंत्रित किया था। 12 मार्च को उन्होंने मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिसके साथ पीएम की मॉरीशस यात्रा संपन्न हुई और वह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वदेश रवाना हो गए। ▶▶ शेष पेज 5 पर

दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच बुधवार को हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में लिया गया यह महत्वपूर्ण निर्णय।



### कुल 8 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

बैठक में भारत-मॉरीशस के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए रक्षा-समुद्री सुरक्षा सहयोग, डिजिटल, आर्थिक-व्यापार व अंतरिक्ष-जलवायु परिवर्तन सहयोग, एचआर-क्षमता विकास भागीदारी, राजनीतिक आदान-प्रदान, क्षेत्रीय-बहुआयामी सहयोग और आमजन के संबंधों को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। 5 एमओयू सहित कुल 8 समझौते हुए। जिसमें सीमा पार लेनदेन यानी स्थानीय व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं (आईएनआर या एमयूआर) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक ऑफ मॉरीशस के बीच हुआ समझौता मुख्य है। इसके अलावा मॉरीशस सरकार, एसबीआई के बीच हुआ ऋण सुविधा समझौता, मॉरीशस सरकार-राष्ट्रीय सुशासन केंद्र, प्रशासनिक सुधार-लोक शिकायत विभाग (भारत सरकार) के बीच हुआ एमओयू. ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मॉरीशस के पीएम को भारत यात्रा का न्योता

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा, 'मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से दोनों देशों की मैत्री के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करने का मौका मिला। हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी को उन्नत रणनीतिक साझेदारी के रूप में बढ़ाने का निर्णय लिया है। बुनियादी ढांचे, आवास, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य व अन्य क्षेत्रों में एक साथ काम करने को लेकर बातचीत की। दोनों देश एआई, क्षमता निर्माण, सतत विकास जैसे क्षेत्रों में भी अधिक प्रगति करना चाहते हैं'। साथ ही मॉरीशस के प्रधानमंत्री को जल्द भारत की यात्रा करने के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रपति धर्मबीर गोखुल ने किया प्रधानमंत्री मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुइस के चैंप डे मार्स पर बुधवार को आयोजित किए 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन (जीसीएसके)' से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मॉरीशस के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इसके लिए वह 11 से 12 मार्च तक मॉरीशस की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर थे। यह पहला मौका है जब किसी भारतीय राजनेता को मॉरीशस के इस बेहद प्रतिष्ठित और सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है। गौरतलब है कि मॉरीशस को ब्रिटेन के औपनिवेशिक शासन से 12 मार्च 1968 में आजादी मिली थी। उसी की याद में हर साल 12 मार्च को राष्ट्रीय दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2015 में भी इस आयोजन ▶▶ शेष पेज 5 पर










नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम के साथ पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा निवेश प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

## पार्षदों ने सुझाव कम रखें, आरोप ज्यादा लगाये

# दिल्ली नगर निगम का बजट सत्र कोरम अभाव में हुआ स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय में बुधवार को निगम के संशोधित बजट अनुमान 2024-25 और बजट अनुमान 2025-26 पर चर्चा आयोजित की गई। लेकिन बजट सत्र के दौरान कोरम (पार्षदों की निर्धारित संख्या से कम उपस्थिति) अभाव में स्थगित करना पड़ा और स्थगित होने से पहले बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने सुझाव कम रखें जबकि एक दूसरे पर आरोप ज्यादा लगाये। बता दें कि दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में आयोजित होने वाली सदन बैठकों में हंगामा होना आम बात रही है लेकिन बुधवार को बजट सत्र का आयोजन महापौर महेश कुमार खींची की अनुपस्थिति में आयोजित हुआ। ऐसी स्थिति में गिगम में उप महापौर रविंद्र भारद्वाज की अध्यक्षता में पहले करीब ढाई घंटे बजट सत्र शांतिपूर्वक चला लेकिन करीब ढाई घंटे बाद बैठक से अनेकों पार्षद चले गए, जिसके चलते



कोरम में पार्षदों की संख्या कम हो गई और बजट सत्र की बैठक स्थगित कर दी गई। बता दें कि बैठक में सत्तापक्ष आम आदमी पार्टी के पार्षद अंकुश नारंग की तरफ से बजट पर चर्चा शुरू हुई। उसके बाद विपक्ष में बैठे भाजपा के पार्षद जयभगवान यादव ने भी चर्चा शुरू की। बजट सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेसे के पार्षदों ने अपनी बात रखी और अपने दल की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्षी दल की कमियां निकाली। आप पार्षद व पूर्व महापौर डॉ शैली ओबरॉय, भाजपा पार्षद योगेश वर्मा, हेमचंद्र गोयल, संदीप कपूर, राकेश जोशी, नरेंद्र गिरसा, रमेश प्रधान, सुनील चड्ढा, सुनील राय, राकेश कुमार, प्रीति, चित्रा, रेनू चौधरी और धीरेंद्र कुमार ने अपने विचार रखे।

### इंतजार करते रह गए पार्षद

बजट सत्र बैठक के दौरान भले ही होली मिलन कार्यक्रमों में शामिल होने की बात पार्षदों ने खुलकर नहीं की लेकिन बैठक में पार्षदों की घटती संख्या से यह साबित हो गया कि पार्षद बजट सत्र के लिए गंभीर नहीं है और जब सत्र स्थगित हो गया तो उन पार्षदों ने रोष व्यक्त किया जो बजट सत्र के दौरान बोल नहीं सके।

### अधिकारी भी नहीं दिखे गंभीर

बजट सत्र दिल्ली नगर निगम के लिए सबसे गंभीर विषय माना जाता है क्योंकि इसमें निगम का वार्षिक लेखा जोखा निहित होता है लेकिन बुधवार को सत्र के दौरान जो हो रहा था, वह चिंता का विषय है। पार्षदों की संख्या कम होना तो एक राजनीतिक विषय है लेकिन वहीं अधिकारी भी बजट सत्र की बैठक से बीच में गायब हो जाए यह चिंता का विषय बताया गया।

# राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करती है छात्र संसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि यह तीन दिवसीय छात्र संसद केवल संवाद का मंच नहीं, बल्कि उन विचारों की प्रयोगशाला है जहां से राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय होती है। यहां आए युवाओं ने केवल अपनी चिंताओं को व्यक्त नहीं किया, बल्कि समाधान प्रस्तुत किए, नीतिगत हस्तक्षेप की मांग उठाई और परिवर्तन की ठोस योजनाएं सामने रखीं। यह साबित करता है कि भारत का युवा केवल दर्शक नहीं, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया का सक्रिय सहभागी बनना चाहता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **नेकपाल, पुत्रः श्री धनुषपाल, निवासीः मोहल्ला बद्रीनाथ कॉलोनी, विसौली, थाना विसौली, जिला बदायूँ, उत्तर प्रदेश** और **गली नंबर 8, लखपत कॉलोनी, मीठापुर, बदरपुर, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.136/2022 U/S 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना सरिता विहार, दक्षिण पूर्व जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **नेकपाल** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **नेकपाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **नेकपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.04.2025** सुबह **10.00 बजे** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अरिदमन सिंह चीमा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,**
**कमरा नं. 510, दक्षिण पूर्व जिला,**
**साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली**

**DP/3042/SE/2025**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 CrPC** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष पुत्र राजेश सिंह निवासी एल–13, राजीव नगर एक्सटेंशन, बेगमपुर, रोहिणी, दिल्ली** और **अर्जुन उर्फ गोपू पुत्र राजेंद्र निवासी सी–101, लाल बाग, आजादपुर, मॉडल टाउन, उत्तर पश्चिम, दिल्ली** ने **FIR No. 199/21, U/S 356/379/34 IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष** और **अर्जुन उर्फ गोपू**, मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष** और **अर्जुन उर्फ गोपू**, फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 199/21, U/S 356/379/34 IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों **आशीष** और **अर्जुन उर्फ गोपू**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री नीतिका कपूर**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06**
**दक्षिण–पश्चिम जिला, कोर्ट संख्या 514**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/3128/DW/2025 (Court Matter)**

# बंगला साहिब सरोवर की कार सेवा 16 मार्च से शुरूः करमसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब सरोवर की कार सेवा शुरू होने जा रही है। इस बारे में दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धर्म प्रचार के मुखी जसप्रीत सिंह करमसर ने जानकारी दी कि करीब दस बाद एक बार फिर सरोवर की कार सेवा शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलो के द्वारा कार सेवा संप्रदाय बाबा हरबंस सिंह दिल्ली वालों को यह सेवा सौंपी गई है। अब बाबा बचन सिंह कार सेवा वालों के संरक्षण में यह सेवा 16 मार्च को सुबह 10 बजे शुरू होगी। इस मौके पर अनेक संप्रदायों से संत महापुरुष और गणमान्य लोग मौजूद होंगे। करमसर ने बताया कि 10 साल का समय हो चुका है और दिल्ली में धूल मिट्टी अधिक होने के



चलते कमेटी ने महसूस किया कि सरोवर की कार सेवा होनी चाहिए। इसका मकसद सरोवर में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को साफ सुथरा व स्वच्छ पानी मुहैया करवाया जा सके। हालांकि कमेटी के द्वारा सरोवर में पानी को शुद्ध करने वाली मशीनें भी लगाई गई हैं पर बावजूद इसके और अधिक स्वच्छता के लिए कार सेवा करवाई जा रही है। सरोवर खाली करके साफ करने के बाद पुन पानी से भरा जाएगा।

## यमुना तट को अटल के नाम से करे विकसित

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा ने सोनिया विहार दूसरा पुस्ता से तीसरा पुस्ता यमुना तट को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेई के नाम से विकसित करने की मांग की है। मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी ने इसे लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, और सांसद मनोज तिवारी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के देवलोकगमन के बाद उनकी अस्थि कलश यात्रा देश के हर राज्य में सम्मान पूर्वक निकाली गयी और प्रमुख नदियों में अस्थि विसर्जन किया गया। इस क्रम में दिल्ली में कलश यात्रा निकाली गई। जिसका समापन दूसरा पुस्ता सोनिया विहार यमुना तट पर किया गया और पवित्र यमुना में अस्थि विसर्जन किया गया।

# युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना दिल्ली सरकार का उद्देश्य : रविन्द्र इंद्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- नई योजनाओं और आगामी बजट को लेकर समाज कल्याण मंत्री ने की विभागीय समीक्षा बैठक

समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को विभागीय समीक्षा बैठक में नई योजनाओं को शुरू करने, मौजूदा सुविधाओं के विस्तार, डिजिटलीकरण से पारदर्शिता बढ़ाने और बजट 2025-26 के वित्तीय प्रावधानों को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि अंत्योदय की भावना को केंद्र में रखकर जनता से मिल रहे सुझावों के आधार पर बजट 2025 का प्रस्ताव तैयार करें। रविन्द्र इंद्राज सिंह ने निर्देश दिये कि योजनाएं विकसित दिल्ली संकल्प की दिशा में गरीब और वंचित वर्ग को आर्थिक सुरक्षा, महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं की आत्मनिर्भरता बढ़ाने वाली हों। बजट वित्तीय औपचारिकता नहीं बल्कि सामाजिक संदेश हो की, गरीब और वंचित सरकार की प्राथमिकता हैं। रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब और वंचित वर्ग के लिए चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाना, युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना दिल्ली सरकार का उद्देश्य है। पेंशन योजनाओं, सहकारिता से आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने वाला बजट, पूरी तरह जनता का बजट होगा। मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि बजट को तैयार करने के लिए जनता से सीधे संवाद और ऑनलाइन माध्यमों से संवाद किया जा रहा है। उनके सुझावों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जा रहा है।

**महानिदेशक, राज्य परिवहन, हरियाणा**

**बस स्टैंड्स पर दुकानों / बूथों की नीलामी**

हरियाणा रोडवेज के कुछ बस स्टैंड्स पर कुछ दुकान/बूथ इत्यादि नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप खुली नीलामी के माध्यम से लीज पर देने के लिए उपलब्ध हैं :–

| डिपो | नीलामी की तिथि | बस स्टैंड्स का नाम |
|---|---|---|
| अम्बाला | 21.03.2025 | अम्बाला सिटी, अम्बाला कैंट, साहा, बराड़ा, दोसरका, शहजादपुर |
| भिवानी | 21.03.2025 | भिवानी, बवानी खेड़ा, सिवानी, तोशाम |
| चरखी दादरी | 21.03.2025 | चरखी दादरी, लोहारू, बाढड़ा, झोझू कलां, कादमा |
| फतेहाबाद | 21.03.2025 | फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, भट्टूकलां, जाखल, भूना |
| फरीदाबाद | 17.03.2025 | बल्लभगढ़ |
| गुरूग्राम | 17.03.2025 | गुरूग्राम, पटौदी |
| हिसार | 17.03.2025 | हिसार, बरवाला, हांसी, आदमपुर, उकलाना, नारनौंद, नलवा, बालसमंद, खांडा खेड़ी, खेड़ी लोचब |
| झज्जर | 17.03.2025 | झज्जर, बहादुरगढ़, बेरी, बाढ़सा |
| जींद | 18.03.2025 | जींद, नरवाना, सफीदों, जुलाना, उचाना |
| करनाल | 18.03.2025 | करनाल, करनाल न्यू, असंध, इंद्री, घरौंडा, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, निसिंग, कुंजपुरा |
| कैथल | 18.03.2025 | कैथल, गुहला चीका, राजौंद, पूंडरी, पाई, ढांड, कलायत, कौल |
| कुरूक्षेत्र | 18.03.2025 | कुरूक्षेत्र, पिपली, पिहोवा, शाहबाद, लाडवा, बाबैन, थानेसर |
| नारनौल | 18.03.2025 | नारनौल, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी, अटेली, सतनाली |
| नूंह | 19.03.2025 | नूंह, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना, तावडू |
| पलवल | 19.03.2025 | पलवल, होडल, हथीन, हसनपुर |
| पंचकुला | 19.03.2025 | पंचकुला, कालका, रायपुर रानी, बरवाला |
| पानीपत | 19.03.2025 | पानीपत, सिवाह, समालखा, इसराना |
| रेवाड़ी | 20.03.2025 | रेवाडी, कोसली, धारूहेड़ा, बावल |
| रोहतक | 20.03.2025 | रोहतक, कलानौर, सांपला |
| सिरसा | 20.03.2025 | सिरसा, डबवाली, कालांवाली, चौटाला, ऐलनाबाद, रानिया, नाथू सराय चोपटा, ओढ़ां, मलेखां |
| सोनीपत | 20.03.2025 | सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, खरखौदा |
| यमुनानगर | 20.03.2025 | यमुनानगर, जगाधरी, रादौर, साढौरा, छछरौली, बिलासपुर, सरस्वती नगर, मुस्तफाबाद |

नीलामी हरियाणा रोडवेज के सम्बद्ध जी.एम. के कार्यालय में पूर्वा. 11.00 बजे आयोजित की जाएगी। दुकानों के प्रकार में चाय/कॉफी, कोल्ड ड्रिंक्स, फल, जनरल मर्केडाइज, रेस्टोरेंट, फास्ट फूड, बुक स्टॉल, जूस बार्स, ऑटोमेटिक वेइंग मशीन्स, इंटरनेट कैफे, नाई की दुकान, मोची की दुकान, साईकिल / स्कूटर स्टैंड, कार पार्किंग, क्लॉक रूम, बैंक एटीएम इत्यादि शामिल हो सकते हैं।

इच्छुक पार्टियां सम्बद्ध डिपो के महाप्रबंधक, हरियाणा रोडवेज के कार्यालय से रु. 500/– के भुगतान पर विस्तृत नियम एवं शर्तों सहित उपलब्ध बस स्टैंड वार दुकानों / बूथों इत्यादि के प्रकारों के विवरण प्राप्त कर सकती हैं। नियम एवं शर्तों सहित नीति के विवरण के साथ-साथ अनुलग्नक विभाग की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात https://hartrans.gov.in पर भी देखे जा सकते हैं।

**महानिदेशक राज्य परिवहन, हरियाणा**

**हरियाणा रोडवेज - प्रत्येक यात्री की पहली पसंद**

पीआरडीएच – 1119/11/583/2025/32782/88/7 दि. 12.03.25

# जनसमस्याओं के समाधान में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आशीष सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में जन सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता और सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के चाणक्य प्लेस पार्ट-2 में जाकर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं का निरीक्षण के बाद यह जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने बिजली, पानी, सुरक्षा, वृद्धा पेंशन, सीवर, सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई जैसी कई समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। मंत्री सूद ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और लापरवाह अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर 15 दिन में



क्षेत्रीय कार्यों की समीक्षा होगी और जनता को परेशान करने वाले अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाएगी।

मंत्री आशीष सूद ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर अधिकारी अपने क्षेत्र में जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे, अन्यथा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता को राहत देने के लिए दिल्ली सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं, और भविष्य में भी इसी तरह जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल समाधान करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान दिल्ली सरकार, एमसीडी, दिल्ली पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मेट्रो स्टेशन पर लड़की का आपत्तिजनक डांस सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- लोगों ने मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से ऐक्शन की भी मांग की

दिल्ली मेट्रो के अंदर व स्टेशन आदि पर अक्सर लड़ाई झगड़ा, अश्लील डांस आदि के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे है। इसी कड़ी में होली से पूर्व एक और वीडियो क्लिप वायरल हो रही है, जिसमें एक लड़की अश्लील ईशारे करती हुई भोजपुरी गाने पर डांस कर रही है। डांस के दौरान लड़की इस प्रकार बैठती है कि उसके अधोवस्त्र तक नजर आते है। लड़की के दोनों गाल पर गुलाल की तरह रंग दिखाई दे रहा है। वहीं डांस के दौरान बैकग्राउंड में कई यात्री और दिख रहे है जिनमें लडकियां व महिलाएं भी देखी जा सकती है। यह वीडियो कब और किस स्टेशन पर बनाया गया है इसकी सटीक जानकारी तो नहीं कही जा सकती। लेकिन करीब 22 सेकेंड के इस डांस वीडियो को गौर से देखने पर प्रतीत होता है कि ब्लू लाइन पर बनाया गया है, यहां एक बोर्ड नजर आता है जिस पर द्वारका सेक्टर 21 की ओर लिखा हुआ दिख रहा है। क्लिप में प्लैटफॉर्म नंबर 2 पर अचानक एक लड़की आकर डांस करने लगती है, जिसके सिर व मुंह पर गुलाल भी लगा दिख रहा है। सोशल मीडिया पर यह काफी वायरल हो रहा है। लोग तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। कई लोगों ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से ऐक्शन की भी मांग की है। कोई इसे अभिव्यक्ति से जोड़कर सही ठहरा रहा है तो वहीं अधिकांश लोगों ने सार्वजनिक स्थल पर ऐसे अश्लील डांस को बेहद आपत्तिजनक करार दिया है। कुछ लोग इस लड़की को लेकर कमेंट में बता रहे है कि पहले भी इसने मेट्रो में ऐसा ही अश्लील डांस किया।

# दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दे भाजपा सरकार : संजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास सर्विसेज होनी चाहिए

आम आदमी पार्टी ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार से दिल्ली को सर्विसेज पर अधिकार देकर पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग की है। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सर्विसेज पर अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रहे केस को वापस लेने जा रही है, जो दिल्लीवालों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। जबकि लालकृष्ण आडवाणी समेत भाजपा के कई नेताओं ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की वकालत की थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास सर्विसेज होनी चाहिए। आम आदमी पार्टी ने इसी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। अगर दिल्ली सरकार के पास अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार होगा तो दिल्लीवालों को काम कराने में सहूलियत मिलेगी।

'आप' के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा दिल्ली के करोड़ों लोगों के साथ धोखा और विश्वासघात कर रही है। भाजपा ने कभी खुद सर्विसेज की लड़ाई लड़ी थी और अब इसी लड़ाई में पीठ दिखाने का काम कर रही है। मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा, लाल कृष्ण आडवाणी समेत भाजपा के तमाम नेताओं ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की वकालत की थी और उसकी लड़ाई लड़ी।

**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हॉस्पीटल का निर्माण (एडमिन ब्लॉक और आवासीय ब्लॉक में सीसीटीवी का प्रावधान) + 1 कार्य। | 11.03.2025 18.03.2025 | 59.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में डीसी कैम्प ऑफिस फतेहाबाद के लिए 25 केवीए डीजी सैट का प्रावधान (25 केवीए डीजी सैट का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 11.03.2025 24.03.2025 | 13.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | वीएजीवाई स्कीम के तहत गांव संधीर ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में कुआ के निकट चमार चौपाल के निर्माण हेतु विस्तृत लागत आकलन। | 10.03.2025 26.03.2025 | 5.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज पानीपत | गांव – शेरा – नेमो एजु. सोसायटी ब्लॉक मडलौडा जिला पानीपत में हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | 11.03.2025 17.03.2025 | 78.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | एमपी स्कीम में गांव जेवेली में एसपीएन स्कूल में एक कमरे का निर्माण कार्य। | 07.03.2025 17.03.2025 | 5.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | बागवानी विभाग पंचकूला हरियाणा | सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र घरौंडा, करनाल, हरियाणा में बागवानी मशीनरी और उपकरणों की आपूर्ति। | 13.03.2025 18.03.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 8295694403 vivek.hort@hry.gov.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जेएलएन फीडर पर पम्प हाउस जेएफ-II पर यांत्रिकी स्टोर में शौचालय का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.03.2025 | 14.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 8 | महिला एवं बाल विकास, पलवल | एडब्ल्यूसी की टीपीटी निविदा। | 13.03.2025 23.03.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 95601150870 popwl.wcd@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच–11/2025/160/32776/I/88/7 दि. 12.03.25

**खबर संक्षेप**

## डीटीसी ने क्विक रिस्पॉन्स टीमें उतारी सड़कों पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) अब अपनी बसों के ब्रेकडाउन होने की स्थिति में उन्हें तुरंत अडेंड करने के लिए बस ब्रेक डाउन मॉनिटरिंग सिस्टम प्रणाली के तहत मॉनिटरिंग कर रही है। इसी के तहत एक कदम और बढ़ाते हुए डीटीसी ने बुधवार को पहली बार क्विक रिस्पॉन्स टीमें सड़कों पर उतार दी। जानकारी अनुसार डीटीसी के सीएमडी सचिन शिंदे ने 12 मार्च 2025 को डीटीसी मुख्यालय आईपी डिपो से त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह टीमें सड़क पर खराब हो चुकी बसों के स्पॉट (मौके) पर जाएंगी, वहां विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय करेंगी और बसों को तुरंत हटाने और अटेंडेंस सुनिश्चित करेंगी।

## दिल्ली की हवा में नहीं हुआ कोई सुधार, खराब श्रेणी में एक्यूआई

नई दिल्ली। गत कई दिनों से दिल्ली की हवा जहरीली है, जिसमें बुधवार को भी कोई सुधार देखने को नहीं मिला। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह नौ बजे दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 248 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। सीपीसीबी) के अनुसार बुधवार को एक्यूआई में बढ़ोत्तरी के बाद आंकड़ा 272 पहुंच सकता है। इसके अलावा दिल्ली के करीब एक दर्ज से अधिक क्षेत्रों में एक्यूआई का ग्राफ 190-210 के बीच रहा। वहीं करीब 8 क्षेत्रों में एक्यूआई का आंकड़ा 180 के करीब दर्ज हुआ।

### मुफ्त सिलेंडर मिलेगा या 2500 रुपए की तरह यह वादा भी होगा जुमला साबित : आतिशी

# आम आदमी पार्टी ने सिलेंडर की मांग को लेकर करीब 40 जगहों पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के अंदर करीब 40 जगहों पर प्रदर्शन कर भाजपा से होली पर मुफ्त सिलेंडर देने के पीएम नरेंद्र मोदी के वादे को पूरा करने की मांग की। आप की वरिष्ठ नेता और नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव से पहले दिल्ली की महिलाओं से कई वादे किए थे। भाजपा का महिलाओं को 8 मार्च तक 2500 रुपए देने का वादा तो जुमला और धोखा साबित हो गया। मोदी ने होली-दिवाली पर हर महिला को एक फ्री सिलेंडर देने का दूसरा वादा किया था। दिल्ली की महिलाएं मुफ्त सिलेंडर देने के वादे को पूरा होने का इंतजार कर रही हैं। अभी होली में दो दिन और बचे हैं। दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही हैं कि क्या उनको फ्री का सिलेंडर मिलेगा या फिर 2500 रुपए की तरह ही फ्री सिलेंडर का वादा भी जुमला साबित होगा? दिल्ली की महिलाएं खाली सिलेंडर लेकर अलग-अलग इलाको में भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। आप नेताओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि आईटीओ, मंडी हाउस, कालकाजी समेत अन्य जगहों पर सिलेंडर लेकर महिलाओं के साथ भाजपा से वादा पूरा करने की मांग कर रहे आप नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया।



आप के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक ऋतुराज झा, दिल्ली की पूर्व महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत कई नेताओं ने दिल्ली के अंदर करीब 40 जगहों पर प्रदर्शन कर भाजपा से होली पर मुफ्त सिलेंडर देने के पीएम मोदी के वादे को पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। इस दौरान भाजपा की दिल्ली सरकार से खाली सिलेंडर को भरने की मांग करते हुए नारेबाजी कर रहे ऋतुराज झा समेत कई आप कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ऋतुराज झा ने कहा कि हमारी माताएं-बहनें होली पर खाली सिलेंडर भरने का इंतजार कर रही हैं, भाजपा कहीं ऐसा न कह दे कि बुरा न मानो होली है।

■ **भाजपा कहीं ऐसा न कह दे कि बुरा न मानो होली है : ऋतुराज झा**



### नेता विपक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

## गैरकानूनी तरीके से विपक्षी विधायकों को किया गया सदन से निलंबितः आतिशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के विधानसभा अध्यक्ष का कर्तव्य विधायी अखंडता को बनाए रखना है, न कि सत्तारूढ़ पार्टी के हितों की सेवा करना। दिल्ली सरकार के बजट सत्र से पहले दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से मुलाकात कर पत्र सौंपा। आतिशी ने कहा कि पिछले सत्र में हुए पक्षपात पूर्ण कार्यवाही की कड़ी निंदा की और विपक्षी विधायकों के साथ उचित व्यवहार की मांग की। उन्होंने कहा कि सदन में विपक्षी विधायकों को बोलने नहीं दिया गया। सदन में बोलने के लिए भाजपा को 86 फीसद का समय दिया गया, जबकि आम आदमी पार्टी को सिर्फ 14 फीसद का ही समय मिला। आतिशी ने अध्यक्ष के इस व्यवहार की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर हमला बताया। नेता विपक्ष आतिशी ने आरोप लगाया कि विपक्षी विधायकों का गैरकानूनी तरीके से सदन से निलंबित किया गया और जानबूझ कर विधानसभा में प्रवेश प्रतिबंधित कर उनके विरोध को दबाने का प्रयास किया गया था, जिससे दिल्ली के 44 फीसद मतदाताओं की आवाज दब गई। इस पक्षपात को तत्काल खत्म करने की अपील करते हुए आतिशी ने स्पीकर को याद दिलाया कि उनका कर्तव्य विधायी अखंडता को बनाए रखना है, न कि सत्ताधारी दल के हितों की सेवा करना।

### आतिशी के सभी आरोप निराधार : गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नेता विपक्ष आतिशी के पत्र के संदर्भ में कहा कि उनके सभी आरोप निराधार हैं, जो तथ्यों की तुलना में अधिक राजनीतिक विचारों से प्रेरित प्रतीत होते हैं। उन्होंने पत्र में कहा कि मैं पहले भी कई बार स्पष्ट कर चुका हूं कि सदन द्वारा निलंबित किए गए सदस्यों को बाहर रखने का मेरा निर्णय हमारे नियम 277 और 'परिसर' की परिभाषा के अनुसार था। इस परिभाषा में परिसर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को विस्तार से समझाया गया है और इसमें 'मार्ग' भी शामिल हैं। इसके अलावा, यह अध्यक्ष को समय-समय पर 'अन्य स्थानों' को भी घोषित करने का अधिकार देता है। मुझे आश्चर्य है कि आप और आपकी पार्टी के सदस्यों के विघटनकारी व्यवहार के लिए माफी मांगने के बजाय, आप मेरे विधिसम्मत निर्देशों को ही गलत ठहराने का प्रयास कर रहे हैं।

# एलजी ने प्राकृतिक आपदा को लेकर कई विभागों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में बुधवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) व अन्य विभागों के अधिकारियों की एक अहम बैठक बुलाई। बता दें कि एलजी खुद डीडीएमए के अध्यक्ष है और सीएम उपाध्यक्ष है। बैठक में मुख्य रूप से दिल्ली में प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप व अत्याधिक बारिश जैसे घटनाक्रम से लोगों को बचाने को लेकर गहन चर्चा हुई।

चर्चा के बाद एलजी ने डीडीएमए व अन्य संबंधित विभागों के मौजूद आला अधिकारियों को कई दिशा निर्देश जारी किए। राजनिवास द्वारा दी गई जानकारी बैठक में मुख्य रूप से चार संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा, कार्य रणनीति और बचाव को लेकर चर्चा हुई। इनमें पहला दिल्ली की जोखिम संवेदनशीलता और जोखिम आकलन, दूसरा भूकंप व तैयारी योजना, तीसरा शहरी बाढ़ और चौथा अत्यधिक गर्मी की घटनाएं और संबंधित राज्य गर्मी कार्य योजना शामिल है। इस मुद्दे पर उपराज्यपाल सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा ने अधिकारियों से एक महीने के भीतर एक व्यापक कार्य योजना प्रस्तुत करने और उसे पहले से ही कार्यान्वयन के लिए तैयार रखने को कहा है। जानकारी अनुसार बैठक में यह रेखांकित किया गया कि डीडीएमए बुनियादी ढांचे, जनशक्ति और प्रौद्योगिकी के मामले में बेहद कमजोर है।

जबकि दिल्ली देश के उन कुछ राज्यों में से एक है, जिनके पास अपना राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) नहीं है। दिल्ली में कमांड और कंट्रोल सेंटर (सीसीसी) का भी अभाव है, जिससे आपदा के समय एकीकृत प्रतिक्रिया असंभव हो जाती है। इस उद्देश्य से, एलजी ने अधिकारियों को जल्द से जल्द भूमि, भवन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और सीएम से अनुरोध किया कि वे रसद के मुद्दों को संबोधित करें, जिन्हें पिछली सरकार द्वारा अब तक उपेक्षित किया गया था। इस मामले पर एनडीएमए से पूछने पर उसने डीडीएमए के जीर्णोद्धार, पुनर्गठन और सीसीसी की स्थापना में सभी आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करने पर अपनी सहमति व्यक्त की। वहीं राजधानी भूकंपीय क्षेत्र- चार में स्थित होने और 18 फरवरी 2025 को हाल ही में आए भूकंप के कारण दिल्ली की संवेदनशीलता ने एक व्यापक शमन और रोकथाम रणनीति को अनिवार्य बनाने के लिए ईशारा किया है।

**बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी रहीं मौजूद**



# दिल्लीवालों को गुमराह करना चाह रहे हैं आप नेता : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने महिला समृद्धि योजना को लेकर दिल्ली वालों को गुमराह करने की कोशिश की और जब 8 मार्च को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने योजना को लेकर बजट एवं समयबद्ध घोषणा कर दी तो अब वह होली पर गैस सिलेंडर को लेकर गुमराह करना चाह रहे हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को आप के प्रदर्शन को लेकर यह बयान जारी किया। उन्होने कहा कि आप नेता जितनी मर्जी की बयानबाजी कर लें, अराजक प्रदर्शन कर झूठ बोल लें पर दिल्ली की जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है जो कभी डगमगायेगा नहीं।

उन्होंने कहा है कि अराजक टकराव एवं झूठ की राजनीति ने आप नेताओं को सत्ता से बाहर किया अब विपक्ष के रूप में भी जारी उनका अराजक टकराव एवं झूठ की राजनीति आप को दिल्ली की राजनीति से ही साफ कर देगी।

■ **जनता का प्रधानमंत्री मोदी पर अटूट विश्वास, डगमगायेगा नहीं**

### यमुना में क्रूज टूरिज्म भाजपा सरकार की भ्रमित करने की योजना : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह यमुना में क्रूज टूरिज्म योजना भाजपा सरकार की जनता को गुमराह करने की कोशिश है। अच्छा हो कि भाजपा सरकार क्रूज चलाने से पहले यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त और पेयजल युक्त बनाने पर जोर दे। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने के बाद सिर्फ इवेंट बेस कार्यक्रम करके जनता को भ्रमित करने के अलावा वास्तविकता में अपने वादों को पूरा करने से दूर भाग रही है।






# दिग्गजों के दमदार प्रचार के बावजूद मानेसर में मतदाताओं ने भाजपा को नकारा

मेयर पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी रही डॉ. इंद्रजीत यादव ने भाजपा प्रत्याशी सुंदर लाल को पटकनी दी। वहीं निगम एरिया के 20 वार्ड में से 13 निर्दलीयों ने जीत का परचम लहराया। भाजपा को महज सात वार्डों में ही जीत नसीब हुई।

धमेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

प्रदेश के निकाय चुनावों में भाजपा के दिग्गजों द्वारा किए गए धुआधाड़ प्रचार के बावजूद मानेसर निगम में लोगों ने भाजपा को नकार दिया। यहां मेयर पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी रही डॉ. इंद्रजीत यादव ने भाजपा प्रत्याशी सुंदर लाल को पटकनी दी। वहीं निगम एरिया के बीस वार्ड में से 13 निर्दलीयों ने जीत का परचम लहराया। भाजपा को महज सात वार्डों में ही जीत नसीब हुई।

प्रदेश में आए परिणाम से गदगद भाजपा को मानेसर ने जोर का झटका दे दिया। मानेसर में भाजपा अपनी सधी हुई राजनीतिक रणनीति, कुशल चुनाव प्रबंधन के बावजूद मात खा गई। यहां एक महिला डॉक्टर ने पूरी भाजपा का इलाज कर दिया। टिकट वितरण के बाद भाजपा ने यहां हार के डर से अपनी पूरी ताकत लगाई। सूबे के मुखिया नायब सैनी, पूर्व सीएम और मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर और एक पूर्व विधायक सहित दो मौजूदा विधायकों और पूरे संगठन ने मानेसर में चुनाव प्रचार के दौरान ऐड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के खिलाफ खूब अर्नगल बयानबाजी की। वोटों के धुरवीकरण का भी प्रयास हुआ, बावजूद इसके भाजपा निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. इंद्रजीत के जीत को किले को भेदने में नाकाम रही।



**निर्दलीय मेयर प्रत्याशी डॉ. इंद्रजीत सिंह के अलावा 20 में से 13 वार्ड में निर्दलीय जीते**

### पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी की थी जनसभा

भाजपा ने संगठन की पसंद से यहां स्थानीय लीडर सरपंच सुंदर लाल को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उनका व्यक्तिगत प्रभाव भी उनकी हार नहीं टाल सका। पहले ही राउंड में डॉ. इंद्रजीत ने 1638 वोटों की लीड हासिल कर ली। हर राउंड में डॉ इंद्रजीत ही आगे रही। एक बार पांचवें राउंड तक उनकी लीड पांच हजार के करीब हो गई। छठे और आखिरी राउंड ने लीड को कुछ कम किया और जब परिणाम घोषित हुआ तो डॉ. इंद्रजीत को 2293 मतों से विजयी घोषित हुए। यहां भाजपा के दिग्गज भी सुंदर लाल के खेवनहार नहीं बन सके। यहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसभा भी की।

### वार्डों में भी फहरा रहा निर्दलीय का परचम

मेयर के लिए ही नहीं मानेसर नगर निगम की जनता ने वार्ड के चुनाव के लिए ज्यादातर निर्दलीय प्रत्याशियों पर अपना भरौसा जताया। निगम एरिया के बीस में से 13 वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। जबकि भाजपा को महज सात सीटों पर ही संतोष करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### 144 आईआरएस ने सीखा राष्ट्रीय सुरक्षा का हुनर

**गाजियाबाद।** आईएएस के 144 अफसरों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें राष्ट्रीय व आंतरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण लिया। उन्हें देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा की चुनौतियों, डिजिटल वित्त जोखिमों और प्रौद्योगिकी व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रमुख क्षेत्रों जानकारी दी गई।



### 520 ग्राम गांजा सहित आरोपी को किया काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर.65 की टीम ने आरोपी को गांजा सहित गिरफ्तार किया है।आरोपी सचिन निवासी राजीव कॉलोनी सेक्टर.58 का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम 11 मार्च को गस्त पर थी। अपराध शाखा टीम ने सूचना से सचिन को सेक्टर.56 फ्लैट एरिया से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से 520 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।



### डीसी ने किया मतगणना केंद्रों का निरीक्षण

**फरीदाबाद।** नगर निगम चुनाव के मद्देनजर बुधवार को फरीदाबाद जिला में व्यवस्था पूर्ण तरीके से सभी मतगणना केंद्रों पर मतगणना प्रक्रिया विधिवत रूप से संपन्न हुई। बेहतर सुरक्षात्मक ढंग से मतगणना का कार्य किया गया। मतगणना के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने सभी मतगणना केंद्रों का दौरा करते हुए चल रही मतगणना प्रक्रिया का जायजा लिया।



### ड्रम में मिला शव, सिर पर चोट के निशान

**फरीदाबाद।** सेक्टर 25 में एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। व्यक्ति का शव रोड किनारे रखे पानी के ड्रम में मिला। उसके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। उसकी पहचान मेवालाल के रूप में हुई है। पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। उनकी जेब में रखे रुपए व मोबाइल बरामद हुए हैं।



### देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 ने आरोपी सौरभ को देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित काबू किया है। सौरभ अपराध शाखा टीम 11 मार्च को गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ जीवन नगर गांव गौच्छी से काबू किया है। उसकी तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। उसके खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



## फरीदाबाद नगर निगम चुनाव में खिला कमल

# मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने देश में सबसे बड़ी जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया

**अटल कमल पर कार्यकर्ताओं ने जमकर मनाया जश्न**

पहली दफा महापौर पद के लिए कराए गए सीधे चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कांग्रेस उम्मीदवार लता चंदीला को 3 लाख 16 हजार 852 मतों से पराजित किया। महापौर पद पर पूरे देश में यह अभी तक की सबसे बड़ी जीत है।

बिजेन्द्र शर्मा ⏭ फरीदाबाद

छोटी पंचायत यानि की नगर निगम फरीदाबाद में भी कमल खिल गया। पहली दफा महापौर पद के लिए कराए गए सीधे चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कांग्रेस उम्मीदवार लता चंदीला को 3 लाख 16 हजार 852 मतों के अन्तर से पराजित किया। प्रवीण बत्रा जोशी की महापौर पद पर पूरे देश में यह अभी तक की सबसे बड़ी जीत है।

भाजपा की जीत पर कार्यालय अटल कमल पर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया तथा होली से पूर्व ही होली मनाई।केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस बंपर जीत को भाजपा की नीतियों की जीत बताया है। वहीं नवनिर्वाचित महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने इसे एक नई जिम्मेदारी बताया। भाजपा को मिली इस जीत में बल्लभगढ़ व तिगांव विधानसभा क्षेत्रों में चिंता में डाल दिया है। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में तो एक ही परिवार के 3-3 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर पूर्व मंत्री व बल्लभगढ़ के विधायक पं.मूलचंद शर्मा के लिए चुनौती पेश कर दी है।भाजपा उम्मीदवार प्रवीण बत्रा जोशी ने कांग्रेस की प्रत्याशी लता रानी को 316852 वोटों के अंतर से हराया है। प्रवीण जोशी को 416927 वोट मिले। वहीं, दूसरे नंबर पर रहीं कांग्रेस प्रत्याशी लता रानी को 100075 वोट मिले। सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतगणना के पहले चरण से ही प्रवीण जोशी ने बड़ी बढ़त बना ली थी, जो हर राउंड के बाद बढ़ती गई।

मेयर पद की मतगणना पूरी होने के बाद नगर निगम में 45 वार्डों में से अब तक आए वार्ड नंबर 14 से नरेश नंबरदार विजयी घोषित हुए हैं। इसके अलावा फरीदाबाद नगर निगम के वार्ड नंबर 38 से भाजपा प्रत्याशी अनीता कुमारी अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी मोनिका चंदीला से 960 मतों से जीत गई हैं।

वार्ड नंबर दो से भाजपा प्रत्याशी राजेश डागर 8499 मत प्राप्त करके अपने प्रतिबंध निर्दलीय हरवीर मावी से 5048 मतों से जीत गए। इसके अलावा फरीदाबाद नगर निगम के वार्ड नंबर 39 से निर्दलीय प्रत्याशी नीलम बरेजा 8545 मत प्राप्त करके भाजपा प्रत्याशी रूमा चौधरी से 3724 मतों से जीत गई है।

### कांग्रेस का सूपड़ा साफ : कृष्णपाल गुर्जर



**एक ही परिवार के तीन लोग जीत चुनाव :** बल्लभगढ़ में दंपती और देवर ने निर्दलीय तौर पर पार्षद का चुनाव लड़ा। जिसमें तीनों प्रत्याशियों को जीत प्राप्त हुई। वार्ड 42 से दीपक यादव, वार्ड 43 से रश्मि यादव और वार्ड 40 से पवन यादव को जीत मिली।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला। दिल्ली के बाद अब फरीदाबाद में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। जनता ने हमें तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया है और हम विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाते रहेंगे।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री के गांव से हार गया भाजपा उम्मीदवार

वार्ड नंबर-20 से केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को बड़ा झटका लगा है। भाजपा में इस वार्ड से युवा नेता व केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के खासमखास संदीप चपराना को चुनावी समर में उतारा था। यहां खास बात तो यह है कि इस वार्ड में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का पैतृक गांव मेवला महाराजपुर भी आता है तथा कृष्णपाल गुर्जर ने संदीप चपराना को जितवाने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी तथा स्वयं गांव में जाकर संदीप चपराना के लिए वोर्ट मांगें। बावजूद इसके संदीप चपराना 200 के करीब वोटों से कांग्रेस उम्मीदवार लिखी चपराना से चुनाव हार गए।

## नियमों के तहत आदेश जारी

# जिलाधीश ने पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल पर लगाई रोक



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिलाधीश विक्रम सिंह ने सीएक्यूएम द्वारा जिला फरीदाबाद में सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए व पटाखे जलाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए फरीदाबाद जिला में पटाखों के भंडारण, बिक्री व इस्तेमाल पर रोक लगाने के आदेश जारी किए है। जारी आदेश में फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि ई. कॉमर्स कंपनियां पटाखों के किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का पालन

जिलाधीश विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के आधार पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में पटाखों के उत्पादन, भंडारन तथा बिक्री को लेकर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 के तहत जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश में नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी एसडीएम, थाना प्रभारी, नगर परिषद के अधिकारी, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, तहसीलदार अपने कार्यक्षेत्र में एक-दूसरे से तालमेल कर आदेशों को सख्ती से लागू करवाएंगे। निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भेजेंगे।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी करेंगे निगरानी

आदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी हिदायत दी गई है कि वे नियमित रूप से वायु की गुणवत्ता पर निगरानी रखेंगे। सर्वोच्च न्यायालय की हिदायतों के अनुसार जिला में कम प्रदूषण फैलाने वाले ग्रीन पटाखे ही लाइसेंस प्राप्त व्यापारियों के माध्यम से बेचे जा सकते हैं। अन्य पटाखों तथा लड़ियों के उत्पादन, बिक्री तथा प्रयोग पर पूर्णतरू प्रतिबंध लगा दिया गया है क्योंकि इससे बहुत ज्यादा वायु तथा ध्वनि प्रदूषण होता है और ठोस कचरा संबंधी समस्याएं भी होती हैं।

## 6 मोबाइल व एक लैपटॉप बरामद

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



थाना साइबर सेंट्रल की पुलिस टीम ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम का झांसा देकर धोखाधड़ी करने के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बसेलवा कॉलोनी के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने शिकायत में आरोप लगाया कि 31 जनवरी को उसके फोन पर एक फोन आया। जिसने अपना परिचय एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड एसोसिएट के रुप में दिया और कहा कि क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने संबंध में कॉल की है। डिटेल भरने के उपरांत शिकायतकर्ता के साथ 47139.88 रुपए का फ्रॉड हो गया। जिसकी शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया।

साइबर पुलिस ने मामले में निखिल सिंह व नितिन सिंह पालम गांव दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि निखिल ने बी-टेक की पढ़ाई की है जो वेबसाइट बनाने, कॉलिंग करने व टीम को ऑपरेट करने का काम करता है। वहीं आरोपी नितिन सिंह, निखिल का सहायक है। आरोपियो ने ऑनलाईन के माध्यम से पैसे निकाले थे।

# पारदी गैंग का फरार चल रहा 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

साइबर क्राइम पुलिस ने बुधवार को अन्तर्राज्यीय पारदी गैंग (मध्यप्रदेश) के फरार चल रहे 50 हजार रूपये का ईनामी अपराधी गिरफ्तार किया है। 10जनवरी 2024 को लोनी बॉर्डर इलाके में ज्वेलर के शोरूम में हुई लूट में वांछित चल रहा था।

एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि 10 जनवरी 2024 को सोनू वर्मा निवासी उत्तराँचल कालोनी की बन्द रेलवे फाटक राम विहार मार्केट बेहटा हाजिपुर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद स्थित सोने-चाँदी के आभूषणों की दुकान का रात्रि मे शटर तोडकर अज्ञात बदमाशों द्वारा सोने व चाँदी के है। आभूषण आदि चोरी कर लिए गएथे । पुलिस ने इस मामले में पारदी गैंग के 10 आरोपियों को पुलिस मुठभेड गिरफ्तार किया गया था । जिनके कब्जे से उपरोक्त चोरी का काफी माल बरामद हुआ था। आरोपी चरण सिंह इस मामले में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपऐ का इनाम घोषित था। चरण सिंह पारदी ने बताया कि वह अनपढ है तथा आदिवासी पारदी जनजाति मध्यप्रदेश का रहने वाला है।



### फेरी करते हुए करते हैं रेकी

फेरी करते हुए इस गिरोह के सदस्य यह चिन्हित कर लेते है कि किस मकान या दुकान में आसानी से चोरी की घटना कर सकते है। चिन्हित करने के बाद अन्य साथियो को बुला लेते है और आधी रात के बाद इस गैंग के लोग असलहे, सरिए, आला नकब डंडे आदि लेकर रेकी किए दुकान- मकान से कुछ दूर रूक जाते है फिर गिरोह के कुछ साथी रास्ता साफ देखकर इसके गिरोह के लोग एक साथ जाकर दुकान मकान का शटर या दरवाजा तोड़कर घुस जाते है। गिरोह के कुछ साथी दुकानों में घरों के बाहर रहते है और डंडा और गुलेल लेकर जो कुत्ते आदि भौंकते है। उन्हे मारकर भगा देते है और बाहर से नजर रखते है।

## नाली ढलान को लेकर दो पक्ष भिड़े

# मारपीट के बाद चली गोलियां एक घायल,11 को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



थाना विजयनगर के मिर्जापुर क्षेत्र की नूरानी मस्जिद के पास मंगलवार को एक नाली के ढलान को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद मारपीट व फायरिंग हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को संभाला। एक पक्ष के अमजद नामक युवक को गोली के छर्रे लगे हैं। पुलिस ने मामले में 11 को गिरफ्तार किया है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि नाली निर्माण का कार्य चल रहा था, तभी एक पक्ष अली जान तथा दूसरा पक्ष असलम दोनों पक्ष से लगभग 20-25 लोग आ गए। उनके बीच में नाली की दिशा को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया ।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिकेत पुत्रः** करमवीर **पताः** गली नंबर–2, अग्रवाल स्वीट झाड़ौदा गांव के पास, नजफगढ़ द्वारका दिल्ली, ने **FIR No. 35954/2023 U/s 411/34 IPCS थानाः वेलकम दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिकेत,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिकेत,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 35954/2023 U/s 411/34 IPC थानाः वेलकम दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अनिकेत,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 19**
**कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली**

**DP/3086/NE/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रदीप कुमार झा पुत्रः** श्री मुकेश झा **पताः** मकान नंबर–376, गली नंबर–09, सविया विहार, मुकुंदपुर, भाग–2, दिल्ली, **स्थाई पताः** पुरव टोला, निर्मली, थाना–निर्मली, जिला, दरभंगा, बिहार, ने **FIR No. 12/2017 U/s 33/38 Delhi Excise Act थानाः सब्जी मंडी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार झा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार झा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 12/2017 U/s 33/38 Delhi Excise Act थानाः सब्जी मंडी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार झा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री चतिंदर सिंह**
**जेएमएफसी–07, कमरा नंबर 32**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3070/N/2025**
**(Court Matter)**


# बच्चे का अपहरण कर हत्या के मामले में एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

कर्जा उतारने की नीयत से बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या करने के दो आरोपियों को क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने चंद घंटों में गिरफ्तार किया है। 11 मार्च को महेंद्र ने पुलिस चौकी सेक्टर 21 डी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका लड़का विनय उम्र 9 साल 10 मार्च को सुबह घर से खेलने के लिए बाहर गया था, जो वापिस नहीं आया जिसकी वे अपने स्तर पर तलाश करते रहे, उनके पास 11 मार्च को सुबह एक फोन प्राप्त हुआ कि लड़का उसके पास हैं 5 लाख रुपए का इंतजाम कर लो, अगर पुलिस को सूचना दी तो लडक़े की डेड बॉडी मिलेगी, किसी ने उसके लडक़े विनय का फिरौती के लिए अपहरण कर चोट मारकर हत्या कर दी गई है, जिस शिकायत पर थाना एनआईटी में अपहरण व हत्या की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।अपराध शाखा सेक्टर.48 की टीम ने अजीत सिंह निवासी एसजीएम नगर व सहदाब वासी सेक्टर 48 को गिरफ्तार किया है।



### 5,00,000 रुपए की मांगी थी फिरौती

आरोपी सहदाब ने पूछताछ में बताया कि वह मुख्य आरोपी अजीत का दोस्त है। उससे आरोपी अजीत ने बच्चे की लाश को ठिकाने लगाने के लिए स्कूटी मांगी थी, जिस पर उसने अजीत को अपनी स्कूटी दी थी। अजीत बच्चे की लाश को स्कूटी पर रखकर फरीदाबाद गुरुग्राम सड़क पर डाल आया था। इसके बाद अजीत के कहने पर उसने विनय के परिवार वालों को 5,00,000 रुपए फिरौती देने के लिए फोन किया, आरोपी अजीत ने ही उसको अपना फोन व विनय के परिवार वालों का नंबर दिया था। जिस पर उसने फिरौती के लिए फोन किया था। आरोपी ने यह भी बताया कि वह व अजीत कर्जदार थे। जिसके लिए उन्होने अपहरण कर फिरौती मांगने का प्लान बनाया था। दोनों आरोपियो को अदालत मे पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। जिन से पूछताछ कर वारदात में प्रयोग स्कूटी व फोन बरामद किया जाएगा।

## नम आंखों ने दी महेश नागर को श्रद्धांजलि

# नेक कार्यों के चलते हमेशा दिलों में जिंदा रहती है पुण्य आत्माएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि जीवन-मरण सृष्टि का नियम है, जिनसे जन्म लिया है, उसकी मृत्यु भी निश्चित है, लेकिन कुछ पुण्य आत्माएं इस धरती पर अपने नेक कार्यो के माध्यम से सदा लोगों के दिलों में जिंदा रहती है और स्व.महेश नागर भी ऐसे ही नेकदिल इंसान थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा और लोगों के सुख-दुख में बीता दिया। गुर्जर सेक्टर-16 स्थित पंजाबी भवन में तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर के छोटे भाई स्व. महेश नागर की श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गुर्जर ने भावुक होते हुए कहा कि स्व. नागर का इतनी कम उम्र में हमारे बीच से चले जाना बहुत ही दुखदायी है और खासकर नागर परिवार के लिए यह क्षति बहुत बड़ी है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती, वह परमपिता परमात्मा से नागर परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना करते है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने नागर परिवार को ढांढ़स बांधते हुए कहा कि परमात्मा के आगे किसी की नहीं चलती है। भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।





स्टार्स टिप्स

# सेलिब्रेट करते हैं होली लेकिन जरा संभलकर...

होली ऐसा त्योहार है, जिसका मजा सभी लेते हैं। लेकिन इस दौरान अपनी हेल्थ का ध्यान रखना भी जरूरी है। यहां कुछ टीवी एक्टर्स हरिभूमि को बता रहे हैं कि होली सेलिब्रेशन के दौरान वे क्या सावधानियां बरतते हैं?

## कलर रिमूव करने के लिए नेचुरल तरीके अपनाता हूं: सवी ठाकुर



**सन नियो** चैनल पर हाल ही में लांच हुए शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' में रुद्र का किरदार निभा रहे सवी ठाकुर होली पर रंग खेलने और इस दौरान हेल्थ केयर के अपने तरीके के बारे में बताते हैं, 'मैं केमिकल वाले रंगों से होली नहीं खेलता हूं। हालांकि चाहे जितना भी बचाव किया जाए, लोग केमिकल वाले रंग इस्तेमाल करते ही हैं। ये रंग आंखों, नाक या मुंह में चले जाएं तो काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए मुझे यह ठीक नहीं लगता। लेकिन बचपन में जब मैं होली खेलता था, तब अपनी त्वचा की सुरक्षा के लिए शरीर पर नारियल का तेल लगाकर जाता था। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छा और प्राकृतिक उपाय है, जिससे रंग आसानी से नहीं चिपकते और त्वचा को भी पोषण मिलता है।

अगर शरीर पर रंग लग जाए तो मैं त्वचा को साफ करने के लिए हल्के और प्राकृतिक उपाय ही अपनाता हूं। बेसन, हल्दी और दही का मिश्रण एक अच्छा विकल्प होता है, जिससे त्वचा से रंग भी हट जाता है और नमी भी बनी रहती है। इसके अलावा गुलाब जल से चेहरा धोना या एलोवेरा जैल लगाना भी काफी फायदेमंद होता है। होली के बाद त्वचा को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है, इसलिए खूब पानी पीना और मॉयश्चराइजर लगाना नहीं भूलना चाहिए।' *

## पूरी तैयारी के बाद ही होली खेलने निकलता हूं: योगेश त्रिपाठी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में योगेश त्रिपाठी दारोगा हप्पू सिंह का रोल निभा रहे हैं। होली पर रंगों के बैड इफेक्ट्स से स्किन को बचाने के लिए वे क्या करते हैं, पूछने पर बताते हैं, 'होली रंगों का त्योहार है, लेकिन कुछ रंगों में मिले रसायन त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए, मैं हमेशा पहले से कुछ तैयारियां करता हूं ताकि सुरक्षित तरीके से होली मना सकूं। होली खेलने से पहले मैं अपनी त्वचा पर नारियल या सरसों का तेल अच्छी तरह से लगाता हूं, जिससे रंग सीधे त्वचा पर असर न करे और आसानी से हट जाए। इसके अलावा, मैं होली खेलने के दौरान पूरी बाजू के कपड़े पहनता हूं ताकि शरीर कम से कम रंगों के संपर्क में आए। आंखों और बालों की सुरक्षा के लिए मैं सनग्लासेस पहनता हूं और बालों में तेल लगाकर होली खेलने बाहर निकलता हूं। होली खेलने के बाद चेहरे और त्वचा का विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। मैं सबसे पहले हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धोता हूं और फिर दही या बेसन का पैक लगाता हूं ताकि रंग कोमलता से निकल जाए। किसी भी केमिकल युक्त साबुन या स्क्रब का इस्तेमाल नहीं करता क्योंकि इससे त्वचा रूखी हो सकती है।' *

## अपने बालों और स्किन की करता हूं प्रॉपर केयरः रोहित सुचांती



**जी टीवी** के शो 'भाग्य लक्ष्मी' में ऋषि की भूमिका निभाने वाले रोहित सुचांती होली खेलने और इस दौरान अपनी हेल्थ केयर के बारे में बताते हैं, 'होली हमेशा से ही मेरे पसंदीदा त्योहारों में से एक रहा है। ऐसा सिर्फ रंगों की वजह से नहीं है, बल्कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मेरे बचपन की कई खूबसूरत यादें इस पर्व से जुड़ी हुई हैं। मुझे आज भी बचपन के वो बेफिक्री वाले दिन याद हैं, जब मैं और मेरे दोस्त रंगों से खेलते थे, एक-दूसरे को पानी से भिगोते थे। इस फेस्टिवल को खूब एंज्वॉय करते थे।

होली को लेकर आज भी मुझमें वैसा ही उत्साह है। लेकिन अब मैं अपनी त्वचा और बालों का खास ख्याल रखता हूं। इसके लिए मैं हमेशा नेचुरल कलर्स से होली खेलना पसंद करता हूं। साथ ही हार्मफुल केमिकल्स से अपनी स्किन और बालों को बचाने के लिए होली खेलने से पहले कोकोनट या आल्मंड ऑयल स्किन पर लगाता हूं। यह हार्मफुल केमिकल्स और हमारी स्किन के बीच बैरियर का काम करता है। होली खेलने के बाद, मैं माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करता हूं। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करता हूं ताकि मेरी स्किन हाइड्रेटेड रहे। अपने बालों को मैं सल्फेट-फ्री शैंपू से धोता हूं और बालों में रूखापन न आए इसके लिए मैं अपने बालों की डीप कंडीशनिंग करता हूं। अपने सभी फैंस से मैं यही कहूंगा कि ईकोफ्रेंडली ढंग से इस खूबसूरत त्योहार को एंज्वॉय करें। अपना ध्यान रखें और सुरक्षित रहें।' *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

होली स्पेशल

कल होली है। इसे मनाने की, जमकर रंग खेलने की तैयारी आपने कर ली होगी। लेकिन अगर आपकी उम्र अधिक हैं या डायबिटीज, हाई बीपी, एलर्जी या अस्थमा के पेशेंट हैं तो होली खेलने के दौरान आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। ऐसा न करने पर आपकी हेल्थ संबंधी परेशानी बढ़ सकती है। इस बारे में स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स के यूजफुल सजेशंस।

डॉक्टर्स एडवाइस

# अगर आप हैं बुजुर्ग-बीमार होली पर रखें अपना ध्यान







होली रंग और मस्ती का पर्व है। इसे सभी उत्साह और उल्लास से मनाना चाहते हैं। लेकिन अगर आपको डायबिटीज, अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर या किसी तरह की एलर्जी है, तो इस खुशी में जरा संभलकर शामिल होना जरूरी है। खासकर बुजुर्गों को और भी सतर्क रहने की जरूरत होती है ताकि त्योहार के मजे के साथ स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी न बढ़े।

### डायबिटिक पेशेंट्स ऐसे करें केयर


होली के मौके पर डायबिटीज के पेशेंट्स किस तरह की सावधानियां बरतें, इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में प्रिंसिपल कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी एंड ओबेसिटी मेडिसिन, **डॉ. साकेत कांत** कहते हैं- डायबिटीज के मरीजों को होली पर मीठे व्यंजनों को खाने से खासतौर पर बचना चाहिए, क्योंकि इस दिन तरह-तरह की मिठाइयां जैसे गुझिया या गुलाब जामुन आदि का सेवन किया जाता है। मिठाइयों की जगह घर पर बनी हेल्दी चीजे खाएं, जैसे सूखे मेवों से बनी मिठाइयां। ठंडाई में ज्यादा शक्कर या भांग न डालें, क्योंकि यह शुगर लेवल बढ़ा सकती है। त्योहार के दिन भी दवाइयां समय पर लें और ब्लड शुगर लेवल चेक करते रहें। बहुत ज्यादा भाग-दौड़ या ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें। इसके अलावा कुछ सावधानियां भी बरतें जैसे- बाजार की मिठाइयां या ज्यादा तली-भुनी चीजें खाने से बचें। बहुत ज्यादा देर धूप में न रहें, इससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। होली के दौरान थकावट या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत कुछ खाएं और आराम करें।

### अस्थमा-हाई बीपी मरीजों के लिए सावधानी

अस्थमा और हाई बीपी के मरीजों को भी होली पर अपना पूरा ध्यान रखना जरूरी है।



इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, करोल बाग, दिल्ली में पल्मोनोलॉजिस्ट, **डॉ. प्रीतपाल कौर** कहती हैं- होली के रंगों में कई बार केमिकल होते हैं, जो अस्थमा के मरीजों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। रंगों से निकलने वाली धूल और गुलाल सांस के जरिए फेफड़ों में जाकर परेशानी बढ़ा सकते हैं। इसलिए होली खेलने से पहले घर से निकलने पर इनहेलर साथ रखें। ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल करें और गुलाल को सीधे चेहरे पर न लगने दें। होली खेलने के बाद नहाने के तुरंत बाद भाप लें, जिससे फेफड़ों में जमे रंग के कण बाहर निकल सकें। ज्यादा धूल भरी जगहों पर जाने से बचें और मास्क पहनें। वहीं बचाव के तौर पर सूखे गुलाल या पावडर वाले रंगों से बचें, क्योंकि ये सांस की नली में जाकर दिक्कत बढ़ा सकते हैं। रंगों के माहौल में ज्यादा देर तक न रहें, खासकर खुले मैदानों में जहां हवा में रंग उड़ता रहता है। इसके अलावा भीड़-भाड़ वाली जगहों पर न जाएं, जहां धुआं, धूल और रंगों का मिलावटी असर ज्यादा हो। इसके अलावा हाई बीपी के मरीजों को होली के दौरान बहुत ज्यादा एक्साइटमेंट या दौड़-भाग से बचना चाहिए। ज्यादा शोर-शराबा, अधिक तली-भुनी चीजें और तनाव, ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकते हैं। बहुत ज्यादा शारीरिक मेहनत करने से बचें और अपने शरीर को ज्यादा थकाएं नहीं।



खूब पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेट रहे और ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रहे। किसी भी पार्टी में जाएं तो अपने खाने-पीने का ध्यान रखें और बहुत ज्यादा नमक वाली डिशेज न खाएं। दवाइयां समय पर लें और ब्लड प्रेशर मॉनिटर करते रहें। बहुत ज्यादा कैफीन वाले ड्रिंक का सेवन न करें, क्योंकि यह ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती हैं। बहुत ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें।

### एलर्जी से ग्रसित लोग ऐसे करें बचाव

होली के रंगों में अकसर केमिकल और हानिकारक पदार्थ होते हैं, जो एलर्जी को ट्रिगर कर सकते हैं। ऐसे लोगों को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। होली खेलने से पहले अपने शरीर पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं, जिससे रंग स्किन पर चिपके नहीं। अगर आपको धूल, रंग या किसी भी चीज से एलर्जी है, तो मास्क पहनें और फुल स्लीव्स ड्रेस पहनें। रंगों से अगर स्किन पर एलर्जी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और एंटी-एलर्जिक दवा लें। सिंथेटिक या केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल न करें। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

### आंखों की सुरक्षा के लिए रखें इन बातों का ध्यान



**होली पर** खेले जाने वाले केमिकल वाले रंगों से आंखों को भी नुकसान हो सकता है। इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए इस बारे में छत्रपति शिवाजी सुभारती हॉस्पिटल, मेरठ में कंसल्टेंट ऑप्थाल्मोलॉजिस्ट, **डॉ. मालविका धर** सजेस्ट करती हैं, होली खेलने से पहले सनग्लासेस पहनें ताकि रंग और गुलाल आंखों में न जाए। अगर रंग आंखों में चला जाए, तो तुरंत साफ पानी से धो लें और आंखों को न रगड़ें। केमिकल वाले रंगों से होली खेलने से बचें, क्योंकि ये आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। केमिकल वाले रंगों से बचें और सिर्फ ऑर्गेनिक या हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें।

होली खेलने के बाद तुरंत ज्यादा गरम पानी से न नहाएं, बल्कि गुनगुने पानी से धीरे-धीरे रंग हटाएं।

अवेयरनेस

डॉ. श्रीराम काबरा
क्लीनिकल डायरेक्टर-नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन, मैरिंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

स्पेशलः वर्ल्ड किडनी-डे

हमारे शरीर में ब्लड क्लीनिंग और टॉक्सिंस को बाहर निकालने के लिए एक जोड़ी छोटा-सा ऑर्गन किडनी होता है। कई बार हमारे अनहेल्दी लाइफस्टाइल, गलत आदतों या अन्य कारणों से ये ठीक तरह से काम नहीं कर पाते हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए प्रॉपर केयर करना जरूरी है।

# जरा भी न बरतें लापरवाही किडनी की करें प्रॉपर केयर





डब्ल्यूएचओ के हिसाब से दुनिया भर में लगभग 85 करोड़ लोगों को किडनी डिजीज होने का अनुमान है। 10 में से 1 व्यक्ति किडनी की किसी न किसी डिजीज का शिकार है। जबकि 10 में से 9 व्यक्ति इस बात से अंजान होते हैं कि उन्हें किसी तरह की किडनी डिजीज है और वो समय पर अपना इलाज नहीं करवाते। जबकि प्रारंभिक स्तर पर ही इलाज शुरू कर दिया जाए तो काफी हद तक इसे डैमेज होने से बचाया जा सकता है। वैश्विक आधार पर देखें तो हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और श्वसन रोगों के विपरीत किडनी डिजीज से होने वाली मृत्यु दर निरंतर बढ़ रही है। 2040 तक नॉन-कम्यूनिकेबल डिजीज से होने वाली मौतों का पांचवां सबसे बड़ा कारण किडनी डिजीज होगा। किडनी डिजीज के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मानाया जाता है। इस साल की थीम है-'क्या आपकी किडनी ठीक है? जल्दी पता लगाएं, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें।'

**किडनी खराब होने के कारणः** कई कारणों से किडनी के फिल्टर्स को नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से किडनी ठीक तरह से काम नहीं कर पाती। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे खराब होने लगती है। जैसे-हेल्दी लाइफस्टाइल न होना, पोषक-संतुलित आहार के बजाय जंक या प्रोसेस्ड फूड का सेवन ज्यादा करना, आहार में नमक और चीनी की मात्रा अधिक होना, पानी या लिक्विड डाइट कम लेना, व्यक्ति को लंबे समय से अनकंट्रोल ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर का होना या फैमिली हिस्ट्री होना, किडनी स्टोन होना जिससे किडनी के फिल्टर्स में सूजन यानी आईजीएन नेफ्रोपैथी आ जाना, पाइलोनेफ्राइटिस जैसे किडनी इंफेक्शन होना, कई तरह के नेचुरल या आर्टिफिशियल हेल्थ प्रोडक्ट्स, हेल्थ टॉनिक या प्रोटीन सप्लीमेंट्स के गैर-जरूरी सेवन से किडनी में इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी होना, पेनकिलर, एंटी बायोटिक या किसी भी मेडिसिन का ज्यादा सेवन करना, आनुवांशिक किडनी बीमारियां होना जैसे- ऑटोसोमल डॉमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज, हाइपरॉक्सालुरिया (किडनी पथरी), नेफ्रोनोफ्थिसिस डिसऑर्डर, रूमेटॉयड आर्थराइटिस या मिक्स कनेक्टिव टिशू डिसऑर्डर जैसी ऑटोइम्यून डिजीज होना।

**शरीर पर क्या होता है असरः** किडनी खराब होने की वजह से शरीर के कई ऑर्गन प्रभावित होते हैं और कई तरह की समस्याएं उभर कर आती हैं-

- शरीर के विभिन्न हिस्सों जैसे-चेहरे, पैर और टखनों में सूजन आ जाती है। शिथिलता या सुस्ती,कमजोरी, थकावट ज्यादा महसूस होती है। पानी लंग्स तक पहुंच जाता है, जिससे सांस लेने में परेशानी होती है।
- यूटीआई इंफेक्शन होना। बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होना या यूरिन रुक-रुक कर आना। सामान्य से अधिक या कम यूरिन आना, दिन के बजाय रात को यूरिन ज्यादा आना। यूरिन में एलब्यूमिन-एथ्रोप्रोटीन नामक प्रोटीन का रिसाव होना, यूरिन का पीला या भूरे रंग का होना, झाग आना या बदबू आना, यूरिन करते हुए जलन होना।
- फिल्टर न कर पाने के कारण ब्लड में यूरिया, क्रिएटिनिन और दूसरे टॉक्सिन का लेवल बढ़ जाता है।
- बाहर न निकलने पर शरीर में जमा होने वाले टॉक्सिन ब्लड प्रेशर का लेवल बढ़ाते हैं। हार्ट पर प्रेशर डालने के अलावा हाई ब्लड प्रेशर शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है। हार्ट फैलियर, विजन लॉस या ब्लाइंडनेस की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।
- विटामिन डी का निर्माण कम होने से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और फ्रैक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। कूल्हे और कंधे की मसल्स पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। शरीर खासकर कमर के निचले हिस्से और हाथ-पैरों में दर्द रहना। बैठ कर उठने, सीढ़ियां चढ़ने, हाथ उठाकर कंघी करने, ऊपर से सामान निकालने, शर्ट पहनने में कठिनाई होती है। कमर के निचले हिस्से खासकर दोनों साइड दर्द रहना।

**डायग्नोसिस के तरीकेः** किडनी फंक्शन की जांच के लिए ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट (जीएफआर) टेस्ट किया जाता है। इसके अलावा किडनी डिजीज का पता लगाने के लिए 3-4 टेस्ट किए जाते हैं- किडनी का अल्ट्रासाउंड, यूरिन का रूटीन टेस्ट, यूरिन में प्रोटीन के रिसाव की जांच, ब्लड में यूरिया, क्रिएटनिन और इलेक्ट्रोलाइट्स टेस्ट।

**कैसे होता है उपचारः** मरीज और रोग की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को पहले कंट्रोल किया जाता है। एक्यूट किडनी फैल्योर के मरीज का उपचार अगर सही समय पर शुरू कर दिया जाता है, तो मेडिसिन से भी स्थिति में सुधार हो सकता है। लेकिन जब किडनी अपने रूटीन फंक्शन करने में असमर्थ हो जाती है और लाइफ-थ्रेटनिंग सिंप्टंप्स आने शुरू हो जाते हैं, तो डायलिसिस का सहारा लिया जाता है। ऐसी स्थिति में किडनी का फिल्ट्रेशन फंक्शन 15 एमएल या उससे भी कम रह जाता है या क्रिएटनिन अचानक बढ़ जाता है। ऐसी कंडीशन में तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। * प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

### ऐसे करें किडनी केयर



- लाइफस्टाइल सही रखें। रोजाना कुछ देर व्यायाम और योगाभ्यास जरूर करें।
- पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार का सेवन करें। प्रोटीन सीमित मात्रा में ही लें। मांसाहारी खाद्य पदार्थों के बजाय प्लांट बेस्ड प्रोटीन को प्रेफर करें।
- किडनी संबंधी कोई भी समस्या हो तो पोटेशियम रिच फलों से बचें। पालक, साग, टमाटर, रेड मीट, अंडा जैसी चीजों से परहेज रखें।
- यथासंभव जंक, पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड खाने से परहेज करें।
- रोजाना 4-5 ग्राम से ज्यादा नमक न खाएं। खाने में ऊपर से नमक न डालें। चीनी भी सीमित मात्रा में यानी दिन भर में 20-25 ग्राम से ज्यादा न लें। हाइड्रेशन स्टेटस मेंटेन रखें। मौसम, शरीर और काम के हिसाब से पानी पिएं। सर्दियों में 2 लीटर से ज्यादा और गर्मियों में ढाई से तीन लिटर पानी या लिक्विड पीना चाहिए।

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# अगर केमिकल वाले कलर्स से हो एलर्जी



**मेरी उम्र 33 वर्ष है। होली पर जब भी मैं रंग-गुलाल खेलता हूं तो स्किन पर लाल-लाल दाने और चकत्ते निकल आते हैं। कृपया कोई उपाय बताएं, ताकि मुझे इस प्रॉब्लम का सामना न करना पड़े।**

**-अक्षत, रायपुर**

कुछ लोगों को केमिकल कलर्स से एलर्जी होती है। होली के अवसर पर बाजार में बिकने वाले ज्यादातर रंग-गुलाल में केमिकल मिला होता है। केमिकल के संपर्क में आने से ही शरीर पर एलर्जी हो जाती है और इचिंग शुरू हो जाती है। इससे बचाव के लिए कोशिश करें कि नेचुरल कलर से ही होली खेलें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा लें।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। मुझे हाई बीपी और अस्थमा की समस्या है। होली के अवसर पर मुझे कोई प्रॉब्लम न हो, इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, प्लीज बताएं।**

**-सत्यवीर, भोपाल**

रंग-गुलाल से ब्लड प्रेशर का सीधा संपर्क नहीं है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आप अस्थमा के भी पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। होली खेलते वक्त मास्क लगाएं। क्योंकि आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं इसलिए अधिक नमक वाली चीजों का सेवन कम करें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल तेल जरूर लगाएं।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मेरे तलवों, एड़ियों और हथेलियों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राजेश, बिलासपुर**

आपकी बीमारी जानकर ऐसा लग रहा है कि आपको नर्वस सिस्टम से जुड़ी कोई परेशानी है, इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। आपको पहले मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए, कारण जानें, कोई भी ट्रीटमेंट न कराएं।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से पढ़ते वक्त मेरी आंखों से पानी आने लगता है, जलन होती है और सिर दर्द भी शुरू हो जाता है। प्लीज मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-तुषार, बलौदा बाजार**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आंखों की रोशनी कमजोर हो रही है, क्योंकि रोशनी कमजोर होने से सिर दर्द और पानी आने जैसे लक्षण दिखते हैं। कई बार मस्तिष्क रोग के कारण भी सिर दर्द होता है। लेकिन शुरुआती लक्षणों से लग रहा है कि आप की आंखें कमजोर हैं, इसलिए आप पहले आंखों की जांच कराएं, उसके बाद ही उपचार होगा।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मेरा पेट अकसर गड़बड़ रहता है। कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। कोई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-कुशेश्वर, हिसार**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। इस वजह से लूज मोशन होते हैं। सबसे पहले आप अपने खान-पान में सुधार करें। अधिक ऑयली और स्पाइसी खाना बिल्कुल न खाएं। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें। इसके अलावा रात में गरिष्ठ भोजन न करें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

एक हजार वर्ष पुराने सोमनाथ मंदिर के खंडित शिवलिंग लेकर सीएम के पास पहुंचे श्रीश्री रविशंकर, अन्य मुद्दों पर भी हुई चर्चा

# सीएम साय और श्रीश्री रविशंकर के बीच सौजन्य भेंट



रायपुर (हरिभूमि न्यूज)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सीएम हाउस में आध्यात्मिक गुरु और द आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर ने सौजन्य मुलाकात की।इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए श्रीश्री रविशंकर का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीकस्वरूप, जशपुर जिले में स्थित विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग-मधेश्वर पहाड़ का छायाचित्र एवं बस्तर आर्ट शैली में निर्मित नंदी की प्रतिकृति भेंट कर श्री श्री रविशंकर का अभिनंदन किया। श्री श्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री साय को अवगत कराया कि इस बार वे अपने साथ एक हजार वर्ष पुराने सोमनाथ मंदिर के खंडित शिवलिंग के अवशेष लेकर आए हैं। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक शिवलिंग के अवशेष को सदियों से एक अग्निहोत्री परिवार द्वारा सुरक्षित रखा गया था। अब वे इसे पूरे देश में दर्शनार्थ श्रद्धालुओं तक पहुंचाने का पावन कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने खंडित शिवलिंग के दर्शन किए और आस्था प्रकट की। पूर्व में केबिनेट में लिए गए निर्णय अनुरूप सीएम साय और श्री श्री रविशंकर के मध्य छत्तीसगढ़ सरकार एवं व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया (द आर्ट ऑफ लिविंग) के बीच हुए एमओयू को लेकर भी चर्चा हुई। एमओयू का उद्देश्य आजीविका सृजन और ग्रामीण छत्तीसगढ़ के समग्र कल्याण सहित ग्रामीण विकास के विविध पहलुओं से जुड़ा है, जिसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दोनों पक्षों ने विचार-विमर्श किया। श्री श्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री साय को राजधानी रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित 'शंखनाद महासत्संग' कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण के लिए श्री श्री रविशंकर जी का आभार व्यक्त किया।

# मप्र की जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों के सीईओ की सीआर लिखेंगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने सदन में कहा कि विभागीय अधिकारियों की तीन दिनी वर्कशॉप में जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सीईओ और जो नगरीय क्षेत्र के आसपास सीईओ थे, सभी से साफ कर दिया था कि जिला पंचायत अध्यक्ष को जिला पंचायत के सीईओ और जो भी अधीनस्त अधिकारी होंगे, उन सभी की सीआर लिखने का प्रावधान कर रहे हैं। इसके तहत तीन या चार महीने में जिसमें जिपं अध्यक्ष सहमत होंगे, 10 नंबर में से दो या डेढ़ नंबर का जो सभी चाहेंगे, उसमें सीआर लिखने का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चूंकि मंत्री को सीआर लिखना होता है, सदन के माध्यम से कहना चाहूंगा कि उसमें से अध्यक्षों के लिए सीआर लिखने का प्रावधान करूंगा।

**कांग्रेस विधायक अनुभा के शासकीय सेवकों की गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने के सवाल पर मंत्री ने दिया जवाब**

### जिपं अध्यक्ष का सम्मान करें अफसर

*मंत्री पटेल विधानसभा में प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे के शासकीय सेवकों की गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने के एक सवाल पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जल्दी ही इस संबंध में आदेश जारी किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से भी कहा कि वे अपनी इस जिम्मेदारी को समझे और जिला पंचायत अध्यक्ष का सम्मान करें। सदस्य श्रीमती मुंजारे ने कहा कि मेरे प्रश्न पर आपने संतोषजनक जवाब दिया है, पर बालाघाट में जो परिस्थितियां है, वह काफी विपरित है। आपने जो पूर्व में कहा है, उस पर निर्णय लीजिए। इस मुद्दे पर काफी देर तक सदन में बहस हुई। सदन में मंगलवार को स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने नियमों के मुताबिक महिला सदस्यों के प्रश्नों को स्थान दिया था। उन्होंने प्रश्नकाल में एक से लेकर पांच प्रश्न तक महिला सदस्यों को स्थान दिया। इसके बाद पुरूष सदस्यों के प्रश्न लिए।*

प्रमुख सचिवों की गैरमौजूदगी पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

# कांग्रेस ने सदन से वाक आउट किया सदन से बाहर आकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



विधानसभा में बजट सत्र का दूसरा दिन हंगामेदार रहा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विभागों के प्रमुख सचिवों की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। सभापति अजय बिश्नोई ने इस पर कहा कि सदन में पूरी जवाबदारी मंत्रियों की होती है और वे मौजूद हैं। उनके जवाब से अंसुष्ट होकर कांग्रेस ने सदन से वाक आउट कर दिया। सदन से बाहर आकर नारेबाजी की।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सदन में विभागों के प्रमुख सचिवों की गैरमौजदूगी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह कितनी लापरवाही की बात है कि राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा चल रही है, लेकिन किसी भी विभाग का प्रमुख सचिव मौजूद नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार भी इसको लेकर गंभीर नहीं है।

### सिंचाई के लिए पानी न मिलने का मुद्दा गूंजा

*विधानसभा सत्र में विधायक रजनीश सिंह ने केवलरी में सिंचाई के लिए पानी नहीं दिए जाने का सवाल उठाया। सिंह ने सिवनी जिले के भीमगढ़ जलाशय से सिंचाई के लिए पानी न मिलने के कारण फसल खराब होने का मुद्दा ध्यानाकर्षण के जरिए उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को यहां पानी नहीं मिलने से सिंचाई प्रभावित हो रही है। सरकार को ध्यान देना चाहिए।*

सीआरपीएफ और कोबरा का संयुक्त प्रयास

# सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता पांच नक्सलियों की हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी ने मारुड़बाका के जंगलों से एक लाख के इनामी सहित पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ और कोबरा की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान पर नेला कांकेर, मारुड़बाका व कमलापुर की ओर निकली थी। अभियान के दौरान मारुड़बाका के जंगल से पांच संदिग्धों को प्रतिबंधित माओवादी संगठन की प्रचार सामग्री के साथ पकड़ा गया। पूछताछ पर अपना नाम एक लाख का इनामी मारुड़बाका डीएकेएमएस अध्यक्ष, नारायण भंडारी, डीएकेएमएस सदस्य धरमा काका, डीएकेएमएस सदस्य नीला काका, डीएकेएमएस सदस्य किस्टा ध्रुवा और आरपीसी मिलिशिया सदस्य रामबाबू पुनेम बताया। पकड़े गए नक्सलियों के कब्जे से तलाशी के दौरान नक्सली सामान बरामद किया गया है। सभी नक्सलियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

## शादी का झांसा देने वाला रेप का आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना बलरामपुर की रहने वाली पीड़िता ने आरोपी आनंद विश्वकर्मा पिता उदय विश्वकर्मा निवासी ग्राम धनोरा थाना बलरामपुर के द्वारा वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक उसके साथ शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया। पीड़िता के अनुसार बाद में शादी करने से इनकार कर दिया और अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना बलरामपुर में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जांच कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना पर पीड़िता को अनुसूचित जनजाति की सदस्य होना पाये जाने पर पृथक से एससी, एसटी संबंधी एक्ट जोड़ा गया। भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया था जिसकी लगातार तलाश के बाद भी कोई पता नहीं चलने व प्रकरण की विवेचना पूर्ण हो जाने पर आरोपी आनंद विश्वकर्मा के विरुद्ध फरारी में अभियोग पत्र तैयार कर विशेष न्यायालय रामानुजगंज में प्रस्तुत किया गया था।

सीएम की पत्नी कौशल्या देवी का जन्मदिन एवं होली मिलन मनाया

# होली के रंगों की तरह हम सभी के जीवन में भी स्नेह, सौहार्द्र और समर्पण का रंग बिखरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री निवास में विशेष जन्मोत्सव और होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जन्मदिवस के अवसर पर कौशल्या देवी साय को बधाई दी गई। इसके साथ ही होली की उमंग में रंगों और फूलों के संग उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया गया। इस भव्य आयोजन में शामिल सभी बहनों ने प्रेम, सौहार्द्र, स्नेह के रंगों से होली खेली और कौशल्या देवी साय को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

कौशल्या देवी साय ने कहा कि, होली के रंगों की तरह हम सभी के जीवन में भी स्नेह, सौहार्द्र और समर्पण का रंग बिखरा रहे। यही हमारी संस्कृति का संदेश है। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शालिनी राजपूत के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने मुख्यमंत्री निवास में पारंपरिक तरीके से फूलों की होली खेली। महिला मोर्चा की सदस्यों ने भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से पूरे वातावरण को बरसाना की भव्यता प्रदान कर दी। समारोह के दौरान महिलाओं ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोते हुए संगीत, भक्ति और उत्साह के संग जन्मोत्सव और होली का उत्सव मनाया। इस उल्लासमय अवसर पर प्रदेश की कई प्रमुख महिला नेत्रियां उपस्थित रही हैं। जिनमें प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शालिनी राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष ममता साहू, सुषमा खलखो, शीतल नायक, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, माया बेलचंदन, वरिष्ठ नेत्रियाँ विभा राव, सरला केसरिया, किरण मरकाम, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संध्या तिवारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री मिनी पांडे, मीडिया प्रभारी किरण बघेल, मीडिया सह प्रभारी आयुषी पांडे, शीलू साहू, निशा चौबे, सोशल मीडिया प्रभारी कृतिका जैन, प्रदेश और जिला स्तर की महिला पदाधिकारी उपस्थित थी।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

**होली त्यौहार–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:–

**दिनांक 13.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं. | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर, जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया एवं मानसी स्टेशन |
| 04084 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड एवं रंगिया जं स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर ज., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., सतना, मैहर एवं कटनी स्टेशन |
| 04080 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 08761 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 13:50 | मथुरा जं., आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जं., पेंड्रा रोड, उसलापुर एवं रायपुर जं. स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद एवं नींदर बेनाड स्टेशन |
| दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची | | | | | |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 07708 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जं., रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामागुंडम एवं काजीपेट जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद एवं नींदर बेनाड स्टेशन |
| दिनांक 15.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची | | | | | |
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04030 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| 01492 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | मथुरा जं., सवाई माधोपुर, भवानी मंडी, रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण जं. एवं लोनावाला स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद और नींदर बेनाड स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# बांग्लादेश की हर हरकत पर रखनी होगी पैनी नजर

शेख हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद से बांग्लादेश भारत के लिए परेशानी बनता आ रहा है। मुहम्मद यूनुस सरकार एक के बाद एक ऐसे काम कर रही है, जिनसे भारत का सतर्क रहना बहुत जरूरी है। पाकिस्तान से प्रेम की पींगे बढ़ने के बाद अब बांग्लादेश चीन की गोद में बैठने को आतुर है। पहले तो बांग्लादेश ने पाकिस्तान से खाद्यान लेने का ऐलान किया और बड़ी संख्या में चावल पाक से बांग्लादेश पहुंच भी गया। पहले वो अपनी जरूरतों का खाद्यान भारत से खरीदता था। अब खबर आ रही है कि चीन ने बांग्लादेश को बड़े पैमाने पर हथियार दिए हैं। एक शोध पत्र के अनुसार, चीन ने बांग्लादेश को हथियारों के अलावा कई मिलिट्री टेक्नोलॉजी भी ट्रांसफर की है। चीन की कोशिश बांग्लादेश को सैन्य रूप से इतना सक्षम बनाने की है ताकि वह भारत के लिए सीमा पर परेशानी खड़ी कर सके। बांग्लादेश में चीन की राष्ट्रीय छवि शीर्षक से शोध पत्र मंगलवार को प्रकाशित हुआ। ढाका विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर और सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स के कार्यकारी निदेशक इम्तियाज अहमद, चीनी राजदूत याओ वेन और अन्य ने ढाका के एक होटल में सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स द्वारा आयोजित शोध पत्र के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। यह सब बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की चीन यात्रा से कुछ सप्ताह पहले हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ढाका में सत्ता परिवर्तन के बावजूद रक्षा संबंधों के बरकरार रहने का प्रतीक है। बांग्लादेश की नई सरकार जो भी फैसले ले रही है, उनमें भारत विरोध की बू आती है। अफगानिस्तान को भारत ने बहुत आर्थिक मदद दी, परंतु उसका कोई विशेष सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। बांग्लादेश को हमने 1971 में स्वतंत्र करवाया। शेख हसीना के कार्यकाल में ऐसा लगा कि हमारी पूर्वोत्तर की सीमाएं अब सुरक्षित रहेंगी और इस पड़ोसी देश से अच्छे संबंध बने रहेंगे, परंतु यह अध्याय भी 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया, जब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया और शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी। उसके बाद से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के विरुद्ध 2,400 हिंसात्मक घटनाएं हो चुकी हैं। बांग्लादेश सरकार का ध्यान जब इन घटनाओं की ओर आकर्षित किया जाता है तो वह दलील देती है कि यह हमारा आंतरिक मामला है और घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि राजनीतिक है। भारत के लिए विशेष चिंता के तीन पहलू हैं। पहला तो यह कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। जमाते इस्लामी से प्रतिबंध हटा लिया गया है। पिछली सरकार ने जो कट्टरपंथी जेल में बंद कर रखे थे, उन्हें छोड़ दिया गया है। अंतरिम सरकार का समर्थन कर रहा हिजबुत तहरीर दुनिया भर में खलीफा का साम्राज्य स्थापित करने में विश्वास करता है। दूसरा यह कि बांग्लादेश का झुकाव ही नहीं, बल्कि लगाव भी पाकिस्तान से होता जा रहा है। पाकिस्तानी गायक ढाका आमंत्रित किए जा रहे हैं। तीसरा यह कि चीन अब बांग्लादेश में अपना जाल और तेजी से फैला सकता है। उसकी बेल्ट एंड रोड एनिशिएटिव योजना को और गति मिल सकती है। इससे भारत को सतर्क रहना होगा। पूर्वोत्तर की सीमाओं को हमें फिर से सुरक्षित करना होगा। बांग्लादेश की 4,096 किमी सीमा पर सीमा सुरक्षा बल तैनात है, उसे अपनी ड्यूटी और मुस्तैदी से करनी पड़ेगी। सरकार को भी पड़ोसी की हर हरकत पर पैनी नजर रखनी होगी। तभी हम सुरक्षित रह पाएंगे।



पड़ोस
अरविंद जयतिलक

# पाक के हाथ से फिसलता बलूचिस्तान

पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा।

पाकिस्तान के अस्थिर बलूचिस्तान राज्य में आजादी की लड़ाई लड़ रहे बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के सदस्यों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाइजैक कर पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर शिकन ला दी है। ट्रेन में तकरीबन 500 यात्री सवार थे जिनमें से दो सैकड़ा से अधिक लोगों को बलोच लड़ाकों ने बंधक बना लिया है। ट्रेन बलूचिस्तान के बोलान इलाके में एक सुरंग के अंदर खड़ी है जहां पाकिस्तानी सेना को कार्रवाई करने में पसीने छूट रहे हैं। बंधक बनाए गए लोगों में सर्वाधिक पाकिस्तान आर्मी और उसकी खूफिया एजेंसी आईएसआई के ही लोग हैं। लड़ाकों की मानें तो उन्होंने आम नागरिकों को आजाद कर दिया है। तकरीबन तीस पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की बात भी कबूली है। लड़ाकों ने दो टूक कहा है कि वे सैनिकों को रिहा नहीं करेंगे। दरअसल उनकी कुछ मांगें हैं जिन्हें पाकिस्तान की सरकार पूरा करती है तो बंधकों की जान बख्श सकते हैं। अगर मांगें नहीं मानी गई तो फिर लाशों से भरी ट्रेन ही पाकिस्तान की सरकार को मिलेगी। बलोच लिबरेशन आर्मी की मांग है कि पाकिस्तान सरकार बलूच के राजनीतिक कैदियों, गायब हुए लोगों, अलगाववादी नेताओं, लड़ाकों और उनके कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्त के रिहा करे। अन्यथा उन्हें खतरनाक परिणाम भुगतना होगा।

बलूच लड़ाकों ने पाकिस्तान की सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उधर, पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा। ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान में चौतरफा अराजकता का माहौल है। खैबर पख्तुनवां में भी आग लगी है। सिंध प्रांत भी उबल रहा है। पाकिस्तान की भूमि पर फन फैलाए बैठे आतंकी संगठन भी अब पाकिस्तानी संप्रभुता के लिए नई चुनौती परोस रहे हैं। फिर बलूचिस्तान कब तक पाकिस्तान का अविभाजित अंग बना रहेगा। जानना आवश्यक है कि बलूचिस्तान तेल और खनिज से संपन्न पाकिस्तान का सबसे बड़ा और कम आबादी वाला राज्य है। यहां सर्वाधिक आबादी बलूचों की है और उनका आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार उनके साथ भेदभाव और शोषण करती है। उनके खनिज संपदा का जमकर दोहन करती है लेकिन उनकी बुनियादी जरूरतों का तनिक भी ख्याल नहीं रखती है। गौर करें तो पाकिस्तानी सेना दशकों से बलूचिस्तान में अलगावादियों का उत्पीड़न व हत्या कर रही है। अब तक पाकिस्तानी सेना के हाथों हजारों बलूच नागरिक मारे जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना द्वारा 2006 में बलोच नेता नवाब अकबर बुगती की हत्या के बाद बलूचियों पर अत्याचार पहले से बढ़ गया है। याद होगा 2005 में बलूच नेता नवाब अकबर बुगती और मीर बलाच मार्री द्वारा



पाकिस्तान सरकार के समक्ष 15 सूत्री मांगें रखी गयी थी। इस मांग में बलूचिस्तान प्रांत के संसाधनों पर ज्यादा नियंत्रण और सैनिक ठिकानों के निर्माण पर रोक का मुद्दा शीर्ष पर था। लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने इन मांगों को सिरे से खारिज कर दिया। नतीजा टकराव बढ़ गया। बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से लैस है। पाकिस्तान के कुल प्राकृतिक गैस का एक तिहाई यहीं से निकलता है। विडंबना है कि उसका आनुपातिक लाभ बलूचिस्तान को नहीं मिलता है।

उदाहरण के लिए 1952 में बलूचिस्तान के डेरा बुगती में गैस के भंडार का पता लगा और 1954 से गैस का उत्पादन शुरू हो गया। पाकिस्तान के अन्य तीनों प्रांतों को उसका लाभ तुरंत मिलने लगा लेकिन बलूचिस्तान को यह लाभ 1985 में मिला। इसी तरह चीन के साथ तांबा, सोना और चांदी उत्पादन करने की पाकिस्तानी चगाई मरुस्थल योजना 2002 में आकार ली। तय हुआ कि बलूचिस्तान को उसका वाजिब लाभ मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस योजना के तहत प्राप्त लाभ में चीन का हिस्सा 75 फीसद और पाकिस्तान का 25 फीसद है। इस 25 फीसद में बलूचिस्तान के हिस्से में सिर्फ 2 फीसद ही आता है। यह स्थिति तब है जब पाकिस्तानी संविधान के 18वें संशोधन के मुताबिक बलूचिस्तान को विशेष अधिकार प्राप्त है। इसी नाइंसाफी का नतीजा है कि बलूचिस्तान के नागरिक आक्रोशित हैं और पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं। वगौर करें तो बलूचिस्तान कभी भी पाकिस्तान का नैसर्गिक हिस्सा नहीं रहा है। इतिहास में जाएं तो 15 अगस्त, 1947 को भारत के साथ ही बलूचिस्तान ने भी अपनी आजादी का ऐलान किया था। लेकिन अप्रैल 1948 में पाकिस्तानी सेना ने मीर अहमद यार खान को अपना राज्य कलात छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनसे जबरन कलात की आजादी के खिलाफ समझौते पर हस्ताक्षर करवाया गया जबकि उनके भाई प्रिंस अब्दुल करीम खान इस समझौते के विरुद्ध थे। वे किसी भी कीमत पर बलूचिस्तान का 23 फीसद हिस्सा पाकिस्तान को देने को तैयार नहीं थे। लिहाजा उन्होंने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ अलगाव का बिगुल फूंक दिया। उनके नेतृत्व में बलूच नागरिकों ने अफगानिस्तान की जमीन से पाक सैनिकों के खिलाफ गुरिल्ला जंग छेड़ दी।

इस संघर्ष को नवाब नवरोज खान ने आगे बढ़ाया लेकिन इसकी कीमत उन्हें भारी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान की सरकार ने उनके दोनों बेटों और भतीजों को फांसी पर लटका दिया। इस अत्याचार के बाद भी जब बलूचों का स्वर धीमा नहीं पड़ा तो यहां 1973-74 में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और अलगाववादियों के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई तेज हो गयी। इस दौरान तकरीबन 8000 बलूची नागरिक मारे गए और हजारों घायल हुए। लेकिन गौर करें तो पाकिस्तानी सेना के जुल्म के बाद भी आजादी का स्वर थमा नहीं है। मौजूदा समय में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट, यूनाइटेड बलोच आर्मी, लश्कर ए बलूचिस्तान और बलूचिस्तान लिबरेशन यूनाइटेड फ्रंट जैसे संगठन बलूचिस्तान की आजादी के लिए आंदोलित हैं। पाकिस्तान के लिए यह मुसीबत पैदा करने वाला है कि भारत ही नहीं अमेरिका भी बलूचिस्तान पर पाकिस्तानी सेना द्वारा मानवाधिकार हनन और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई को अनैतिक मान रहा है। गत वर्ष कैलिफोर्निया के रिपब्लिकन सांसद दाना रोहराबचेर ने दो अन्य सांसदों के समर्थन से अमेरिकी कांग्रेस में बलूचिस्तान के लिए इन जुल्मों के खिलाफ 'आत्मनिर्णयन' के अधिकार की मांग वाला प्रस्ताव पेश किया था। दो राय नहीं कि आने वाले दिनों में दुनिया के अन्य देश भी बलूचिस्तान के मसले पर मुखर होंगे और पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## रंगों का त्योहार

विवेक शुक्ला



# होली पर दरियांगज में रंगों से सराबोर हुए थे मुंशी प्रेमचंद

मुंशी प्रेमचंद 7 मार्च, 1936 दिल्ली पहुंचे। अगले दिन यानी 8 मार्च को होली थी। होली पर दिल्ली होली का रंग और मस्ती चढ़ी हुई थी। तब तक दिल्ली आज के मुकाबले तो बहुत छोटी थी। उस होली पर मुंशी प्रेमचंद दरियागंज में हिंदी के प्रख्यात लेखक जैनेन्द्र कुमार जैन के घर ठहरे हुए थे। उनके दिल्ली आने का मकसद हिंदुस्तानी सभा के गठन के मौके पर मौजूद रहना था। ये हिंदी-उर्दू लेखकों का साझा मंच था। ऐसे ही समय होली वालों की एक टोली जैनेंद्र जी के घर में अचानक घुस आई और बीसियों पिचकारियों की धार और गुलाल से उस दल ने मुंशी प्रेमचंद का ऐसा सम्मान किया कि एक बार तो प्रेमचंद चौंक गये। वे पल भर में सिर से पांव तक कई रंगों के पानी से भीग चुके थे। हड़बड़ाकर उठे, अपने को संभाला। बोले - अरे भाई जैनेन्द्र, हम तो मेहमान हैं। मुंशी प्रेमचंद होली वाले दिन शाम के वक्त करोल बाग में जामिया मिल्लिया इस्लामिया कैंपस पहुंचे। तब तक जामिया का कैंपस करोल बाग में हुआ करता था। प्रेमचंद जब शाम को हिन्दुस्तानी सभा के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे तो उनके चेहरे पर होली का रंग लगा हुआ था। दरअसल मुंशी प्रेमचंद का दिल्ली में आना-जाना लगा रहता था। प्रेमचंद दिल्ली आए तो यहां उनके मेजबान 'रिसाला जामिया' पत्रिका के संपादक अकील साहब थे। जामिया में प्रेमचंद से मिलने वालों की कतार लग गई। सब उनसे मिलना चाहते थे। बहरहाल, जामिया कैंपस में अकील साहब ने प्रेमचंद से गुजारिश की कि वे यहां रहते हुए एक कहानी लिखें। ये बातें दिन में हो रही थीं। प्रेमचंद ने अपने मित्र को निराश नहीं किया। उन्होंने उसी रात को अपनी अमर कहानी 'कफन' लिखी।

इस बीच, सारे देश की तरह होली के रंग दिल्ली की फिजाओं में बिखर चुके हैं। गुलाल और गुझिया की खुशबू को हर तरफ महसूस किया जा सकता है। आम-खास सब होली के मूड में हैं। यूं तो राजधानी में होली मिलन के अनेक आयोजन होते रहे हैं, इस बार भी होंगे। पर कुछ आयोजन यादगार रहे हैं। उदाहरण के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास में आयोजित होने वाला होली मिलन विशेष महत्व रहता था। उसमें इंदिरा गांधी मेहमानों को गुझिया खिलवाती थीं। सारा होली मिलन काफी शालीन अंदाज में होता था। एक दौर में हरिवंश राय बच्चन और तेजी बच्चन सारे आयोजन को देखते थे। होली पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास 1, सफदरजंग रोड के गेट भी सबके लिए खुल जाते थे। 1980 के बाद इंदिरा जी के होली मिलन पहले की तरह भव्य नहीं रहे गए थे, सुरक्षा कारणों के चलते। तब तक पंजाब में आतंकवाद ने अपनी ज़ड़ें जमा ली थीं। अटल बिहारी वाजेयी के 111 साउथ एवेन्यू, 6 रायसीना रोड, फिर लोक कल्याणा मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के होली मिलन समारोह में अटल जी खुद सब अतिथियों को गुलाल लगाया करते थे। उनमें देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भाग लेते थे। वे तब भाजपा के संगठन से जुड़े हुए थे। इस अवसर पर लजीज गुजिया और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रहती थी। अटल जी के घर पर होने वाले होली मिलन की सारी व्यवस्था उनके परम मित्र शिव कुमार किया करते थे। वे अटल जी के घर का स्थायी चेहरा थे। अटल जी के होली मिलन समारोहों के आयोजन में शामिल होने वालों को चांदनी चौक के घंटे वाले या गोल मार्केट के बंगला स्वीट हाउस की बालूशाही अवश्य उपलब्ध रहती थी। लाल कृष्ण आडवाणी के पृथ्वीराज रोड स्थित आवास पर भी होली बड़े प्रेम से खेली जाती रही है। बंगाली मार्केट की मशहूर मिठाई की दुकानों से गुझिया सबको खिलाई जाती थी।

लालकृष्ण आडवाणी के पंडारा पार्क सी-1/6 वाले फ्लैट की होली बहुत मशहूर हुआ करती थी। उसमें अटल बिहारी वाजेपयी और तमाम गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहते। होली खेलने के लिए आने वाले तमाम मित्रों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मुंह अवश्य मीठा कराया जाता। सभी अतिथियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था रहती। आडवाणी जी की पत्नी कमला आडवाणी जी ( अब स्मृति शेष) सुनिश्चित करतीं कि सब मेहमान भरपेट भोजन करके ही विदा हों। पर उनके निधन के बाद आडवाणी जी का होली मिलन सांकेतिक ही रह गया है। देश के राष्ट्रपति के रूप में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने सन 2003 में नगर निगम और राष्ट्रपति भवन परिसर के स्कूलों के लगभग 1200 बच्चों के साथ होली मनायी थी। डॉ. कलाम लगभग दो घंटे तक इन बच्चों के साथ रहे थे। उनसे पहले या बाद में शायद ही किसी राष्ट्रपति ने कलाम साहब की तरह होली बच्चों के साथ खेली हो।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत



संकलित
दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाइए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डिप्रेशन से प्रभावित होता बचपन

हाल ही में प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में बैठ रहे विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा की और उन्हें एग्जाम में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर किसी प्रकार का परीक्षा का दवाब न बनाने की सलाह दी और बच्चों में तेजी से बढ़ रहे मानसिक अवसाद और डिप्रेशन के प्रति चिंता व्यक्त की। आज की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक समस्याएं बहुत तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रही हैं। इसके घातक प्रभाव हर वर्ग हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। मानसिक अवसाद का विस्तार इतना तीव्र है कि इससे न तो कोई देश बचा है और न कोई राज्य। यह एक कड़वा सच है कि आज हर गांव, गली-मोहल्ले में डिप्रेशन के मरीज मिल जाते हैं।

*-जयप्रकाश शर्मा, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# हूती ने इजराइली जहाजों पर हमले की धमकी दी

यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार सुबह चेतावनी दी कि गाजा पट्टी में भेजी जाने वाली सहायता सामग्री को रोकने की वजह से पश्चिम एशिया के जलक्षेत्र से गुजरने वाले इजराइली जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। विद्रोहियों ने गाजा पट्टी को सहायता सामग्री भेजने पर लगाई गई रोक को हटाने के लिए इजराइल को चार दिन का वक्त दिया था। इसके बाद हूती के मानवीय संचालन समन्वय केंद्र ने यह बयान जारी कर इजराइली पोतों को निशाना बनाने की धमकी दी है। बयान में कहा गया है, 'हम आशा करते हैं कि यह समझा जाएगा कि (हूती सेना) द्वारा की गई कार्रवाई... उत्पीड़ित फलस्तीनी लोगों के प्रति धार्मिक, मानवीय और नैतिक जिम्मेदारी की गहरी भावना से उपजी है और इसका उद्देश्य इजराइली अतिक्रमणकारी इकाई पर गाजा पट्टी की क्रॉसिंग को फिर से खोलने और खाद्य एवं चिकित्सा आपूर्ति सहित सहायता सामग्री के प्रवेश की अनुमति देने के लिए दबाव डालना है।' इसने कहा कि जहाजों को लाल सागर, अदन की खाड़ी, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य और अरब सागर में निशाना बनाया जाएगा।



## ऑफ बीट

# झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार

कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं।



## ट्रेंड

### गैरकानूनी संगठन



'जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन' और 'आवामी एक्शन कमेटी' को यूएपीए के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इन संगठनों को लोगों को भड़काकर कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने और भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाला पाया गया।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### ऐतिहासिक दांडी मार्च



95 वर्ष पूर्व, महात्मा गाँधी ने ऐतिहासिक दांडी मार्च की शुरुआत की और एक मुट्ठी नमक से अंग्रेजी हुकूमत की नींव को हिला दिया। बापू की सीख और सत्याग्रह आज भी उतने प्रासंगिक हैं जितने 1930 में थे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### भू-माफियाओं की हिंसा



उप्र में जब एक सेवानिवृत्त उच्च सैन्याधिकारी भू-माफियाओं की हिंसा का शिकार हो रहे हैं, तो आम आदमी की हालत कितनी बुरी होगी कहने की आवश्यकता नहीं है। देखना ये है कि हिंसा की इस घटना के, जनता के बीच उजागर हो जाने के बाद भाजपा सरकार किसका साथ देती है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### खनिज सौदा



चीन दुनिया की 70% दुर्लभ पृथ्वी आपूर्ति को नियंत्रित करता है। इसी कारण अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने की अपनी रणनीति के लिए यूक्रेन के साथ खनिज सौदे को केंद्रीय बना रहे हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# हरियाणा के निगम चुनाव में बजा भाजपा का डंकाः 10 में से 9 निगमों में खिला कमल, निर्दलीय भी जीता

हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे आ गए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया। बताया जा रहा है कि इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत के करीबी बताकर प्रचार किया था।

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे घोषित होगए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया।



इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत के करीबी बताकर प्रचार किया था। वहीं, भाजपा रोहतक, हिसार, करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद नगर निगम में मेयर का चुनाव जीत गई है। कांग्रेस सभी निगमों में कुछ नहीं कर पाई। कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र जुलाना की नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए भाजपा के डॉ. संजय जांगड़ा ने जीत दर्ज की है। फतेहाबाद जिले की जाखल मंडी नगर पालिका में निर्दलीय उम्मीदवार विकास कुमार चेयरमैन बन गए हैं।

## कांग्रेस का हाथ हो गया 'अनाथ'

करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद में मेयर चुनाव जीती

### रोहतक में भाजपा ने दी कांग्रेस को मात



नगर निगम मेयर के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। 3 बार कलानौर हलके से विधानसभा चुनाव हार चुके पार्टी के मेयर प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि ने कांग्रेस प्रत्याशी सूरजमल किलोई को 45 हजार 191 हजार वोटों के अंतर से मात दी। खास बात यह रही कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट बाहुल्य वार्डों में जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, वहां भाजपा मेयर चुनाव में भारी पड़ी। नॉन जाट बहुल वार्डों में तो कांग्रेस को करारी हार मिली है। 13 राउंड चली मतगणना में कांग्रेस भाजपा को एक भी राउंड में नहीं हरा सकी।

### हुड्डा चुनाव प्रचार करने तक नहीं गए

निगम चुनाव में भाजपा ने जहां पूरा जोर लगाया, जबकि कांग्रेस में उत्साह नजर नहीं आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव प्रचार करने तक नहीं आए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ही चुनाव प्रचार की कमान संभाली। कांग्रेस विधायक बीबी बतरा व शकुंतला खटक ही अपने हलकों में प्रचार करते दिखे। मुख्यमंत्री नायब सैनी न केवल मेयर प्रत्याशी का नामांकन कराने आए, बल्कि रोहतक से ही निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया गया। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मंत्री अरविंद शर्मा, कृष्णलाल पंवार, कृष्ण बेदी, श्रुति चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्णलाल मिड्ढा व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने प्रचार में भाग लिया।

### भाजपा की नीतियों की जीत : रामअवतार

नवनिर्वाचित मेयर नगर निगम रोहतक रामअवतार ने कहा कि रोहतक शहर की जनता ने एक बार फिर भाजपा की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है। साथ ही केंद्र व राज्य के बाद शहर में भी भाजपा की सरकार बनी है। अब ट्रिपल इंजन की सरकार शहर का विकास लगातार करवाएगी। जीत की एक वजह केंद्र व राज्य में चल रही भाजपा सरकार की नीतियों व विकास कार्य भी हैं।

## सरकार ने हरियाणा ग्राम शामलात भूमि अधिनियम 2024 में संशोधन किया

# शामलात देह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर हस्तांतरित है तो जांच होगीः मुख्यमंत्री नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार कहा कि हरियाणा प्रदेश में अगर कहीं भी किसी भी गांव की शामलात देह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम की गई है तो इसकी पूरी जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि रोहतक-गोहाना मार्ग पर स्थित पीर बोधी मामले में जांच के लिए रोहतक मंडलायुक्त के तत्वावधान में एक कमेटी का गठन किया जाएगा। करनाल मंडलायुक्त और जिला उपायुक्त रोहतक इस कमेटी के सदस्य होंगे। यह कमेटी पीर बोधी मुद्दे से संबंधित सारे तथ्य और रिकॉर्ड की गहनता से जांच करेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा सदन में कहा कि सदन में सदस्य द्वारा उठाए गए पीर बोधी मुद्दे को सरकार ने गंभीरता से लिए और अब तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं इसमें खुलासा हुआ कि 1967-68 में यह भूमि शामलात देह भूमि थी। वर्ष 1990 में यह भूमि भारत सरकार द्वारा पंजाब वक़्फ़ बोर्ड के नाम अधिसूचित कर दी गई। तत्पश्चात, यह भूमि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज की गई। अब यह भूमि वक़्फ़ बोर्ड के नाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शामलात देह भूमि को



रोहतक-गोहाना मार्ग पर स्थित पीर बोधी मामले में जांच के लिए रोहतक मंडलायुक्त के तत्वावधान में बनेगी कमेटी

वक्फ बोर्ड को कैसे स्थानांतरित किया गया ये बड़ा गंभीर विषय है। इसके पीछे कौन सी ताकतें थीं और कौन लोग थे और उन्होंने कैसे इसको वक्फ बोर्ड के नाम कर दिया। अब 2024 में एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद यह जमीन वक्फ बोर्ड के प्रबंधन में आई तथा अब लीज पर दी हुई है।

सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जोहड़, तालाब और जलाशय के सरक्षण के लिए संकल्पबद्ध है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम 2024 में संशोधन किया। इसमें शामलात देह भूमि पर 500 गज तक मकान बना कर रह रहे लोगों को मालिकाना हक़ दिया। लेकिन इसमें यह कहा गया की अगर वहां पर जोहड़ , तालाब या जलाशय है, तो मकान नहीं बनाया जा सकेगा, हमारी सरकार ने जोहड़ , तालाब और जलाशयों को संरक्षित करने का काम किया है।

## ममता के मंत्री ने 'ईडन' को बताया वक्फ संपत्ति



**कोलकाता।** वक्फ को लेकर ममता सरकार के मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधरी ने एक दावा किया है। उन्होंने कह कि कलकत्ता का मशहूर क्रिकेट स्टेडियम ईडन गार्डन और फोर्ट विलियम वक्फ बोर्ड की संपत्ति थी। सीएबी ने जब इस पर कब्जा किया। 150 रुपए किराया वक्फ बोर्ड को मिलता था। चौधरी जिस सीएबी की बात कर रहे हैं वह ब्रिटिश काल में बनाई गई थी।

# मैं हिंदू हूं, हमें भाजपा के सर्टिफिकेट की जरूरत नहींः ममता

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी की टिप्पणी की आलोचना की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह रमजान के पवित्र महीने में मुसलमानों को निशाना बना रही है ताकि आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। बेनर्जी ने कहा कि लोकतंत्र स्थायी है, लेकिन कुर्सी नहीं। कुर्सी का सम्मान करें। आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं? मैं एक हिंदू हूं और मुझे भाजपा से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है।

मुख्यमंत्री बेनर्जी विपक्ष के नेता की टिप्पणी पर भड़कीं और बोलीं

### मुस्लिम विधायकों को बाहर कर देंगे



नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने एक ऐसा बयान दिया है, जिस पर राजनीति गरमा गई है। सुवेंदु ने कहा है कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो मुस्लिम विधायकों को विधानसभा से बाहर कर दिया जाएगा।

# सैलजा ने उठाई सिरसा में दो रेलवे अंडर ब्रिज और एक ओवर ब्रिज बनाने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा में दो अंडर ब्रिज व एक ओवर ब्रिज बनाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि आबादी में स्थित सभी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज अथवा अंडर ब्रिज बनाया जाना चाहिए। दरअसल सिरसा शहर में बढ़ रही ट्रैफिक समस्या में बंद रेलवे फाटक लोगों के लिए बड़ी समस्या बन रहे हैं। शहर में दिन भर लग रहे जाम से निजात दिलाने के लिए कोर्ट रोड़ स्थित रेलवे फाटक व कंगनपुर रोड़ पर रेलवे फाटक पर अंडर ब्रिज व चतरगढ़ी पट्टी रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाए जाने की सख्त जरूरत महसूस होने लगी है। इसी को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने सरकार ने मांग की है कि उक्त तीनों स्थानों पर रेलवे ब्रिज बनाएं जाएं। बता दें कि वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में 51 अंडर ब्रिज बनाने की घोषणा की थी जिसके तहत सिरसा के दो अंडर ब्रिज बनाए जाने थे पर अब तक इस पर सरकार की तरफ से कोई काम शुरू नहीं किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2015 में पुरानी कोर्ट रोड़ स्थित रेलवे फाटक पर ओवर बनाने की घोषणा की गई थी पर बाद में इसे कभी अंडर ब्रिज तो कभी ओवर ब्रिज बनाने की कागजी कसरत होती रही और मामला अब तक सिरे नहीं चढ़ा।

सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा में बढ़ रही यातायात समस्या को देखते हुए सरकार से मांग की है कि शहर में दो अंडर ब्रिज व एक ओवर ब्रिज बनाया जाए ताकि यातायात समस्या से लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सिरसा में मौजूदा समय में लोगों की सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक जाम की है। इसे सरकार हल करे। जिसके लिए रेलवे फाटकों पर अंडर ब्रिज व ओवर ब्रिज बनाना ही विकल्प है। बता दें कि रेलवे फाटकों पर अंडर ब्रिज व ओवर ब्रिज बनाए जाने को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने संसद में सवाल भी उठाया है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार को लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तुरंत प्रभाव से कदम उठाए जाने चाहिए।

## 24 दलितों की हत्या का मामला

# 43 साल बाद फैसला, अदालत ने 3 लोगों को ठहराया दोषी

एजेंसी ▶▶ मैनपुरी

24 दलितों के नरसंहार के मामले में 43 साल के बाद कोर्ट का फैसला आया है। मैनपुरी की अदालत ने इसमें 3 लोगों को दोषी ठहराया है। दिहुली गांव में डकैतों के एक गिरोह ने हत्या की थी। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने कप्तान सिंह, राम पाल और राम सेवक को दिहुली दलित हत्याकांड में उनकी भूमिका के लिए दोषी पाया।




- सब्जियां, अंडे एवं प्रोटीनयुक्त उत्पाद हुए सस्ते
- जनवरी माह में खुदरा महंगाई 4.26 फीसदी पर रही
- जुलाई, 2024 के बाद सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति

## खुदरा महंगाई फरवरी में घटकर 3.61 प्रतिशत पर

# होली से पहले मिली खुशखबरी, महंगाई सात महीने के निचले स्तर पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सब्जियों, अंडे एवं अन्य प्रोटीन-युक्त उत्पादों की कीमतों में नरमी आने से फरवरी महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर सात महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आ गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी माह में 4.26 प्रतिशत और फरवरी, 2024 में 5.09 प्रतिशत रही थी। खुदरा मुद्रास्फीति का पिछला निचला स्तर जुलाई, 2024 में देखा गया था।

### ब्याज दर में और कटौती की गंजाइश

नवंबर, 2024 से ही उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सुविधाजनक दायरे में बना हुआ है। इससे आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगले महीने होने वाली द्विमासिक बैठक में नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती की गुंजाइश बनती हुई दिख रही है।

### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा, ''जनवरी की तुलना में फरवरी, 2025 की मुख्य मुद्रास्फीति में 65 आधार अंक की कमी आई है। जुलाई, 2024 के बाद यह सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी महीने में सालाना आधार पर खाद्य मुद्रास्फीति 3.75 प्रतिशत रही।

### खाद्य मुद्रास्फीति में बड़ी गिरावट

एनएसओ ने कहा, ''जनवरी के मुकाबले फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति में 2.22 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई है। फरवरी की खाद्य मुद्रास्फीति मई, 2023 के बाद सबसे कम है। फरवरी के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस और मछली, दालों और उत्पादों, और दूध और उत्पादों की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण हुई है।

### सबसे कम मुद्रास्फीति तेलंगाना की

सबसे कम मुद्रास्फीति तेलंगाना (1.31 प्रतिशत) और सबसे अधिक केरल (7.31 प्रतिशत) में रही। आरबीआई ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताएं कम करने के लिए फरवरी में नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया था।



*शहरी मुद्रास्फीति घटकर 3.32 फीसदी : शहरी मुद्रास्फीति फरवरी में घटकर 3.32 प्रतिशत रही जबकि जनवरी में यह 3.87 प्रतिशत थी। खाद्य मुद्रास्फीति में भी इसी तरह की गिरावट देखी गई, जो जनवरी के 5.53 प्रतिशत से घटकर 3.20 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण क्षेत्र में भी मुख्य और खाद्य मुद्रास्फीति में फरवरी में भारी गिरावट देखी गई जो एक महीने पहले के 4.59 प्रतिशत से घटकर 3.79 प्रतिशत रह गई।*

### सबसे कम मुद्रास्फीति वाली वस्तुएं

फरवरी में सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति वाली प्रमुख वस्तुएं अदरक (-35.81 प्रतिशत), जीरा (-28.77 प्रतिशत), टमाटर (-28.51 प्रतिशत), फूलगोभी (-21.19 प्रतिशत), लहसुन (-20.32 प्रतिशत) थीं। दूसरी तरफ, सबसे अधिक मुद्रास्फीति वाली वस्तुएं नारियल तेल (54.48 प्रतिशत), नारियल (41.61 प्रतिशत), सोना (35.56 प्रतिशत), चांदी (30.89 प्रतिशत) और प्याज (30.42 प्रतिशत) थीं।

### अगली समीक्षा बैठक अप्रैल में

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली समीक्षा बैठक अप्रैल की शुरुआत में होने वाली है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के भीतर रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। आरबीआई अपनी मौद्रिक दरों का फैसला करते समय खुदरा मुद्रास्फीति पर विशेष ध्यान देता है।

### उम्मीद से अधिक गिरावट आई

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति में उम्मीद से अधिक गिरावट आई है और यह सात महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह एमपीसी की मध्यम-अवधि लक्ष्य सीमा के मध्य बिंदु से काफी कम है।

## इक्विटी एमएफ में निवेश 26 फीसदी घटा एसआईपी 3 माह के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच स्मॉलकैप एवं मिडकैप योजनाओं में निवेश घटने से फरवरी के दौरान म्यूचुअल फंड योजनाओं में प्रवाह 26 प्रतिशत गिरकर 29,303 करोड़ रुपये रह गया। उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।
इक्विटी फंड के निवेश में गिरावट का यह लगातार दूसरा महीना है। हालांकि, लगातार 47वें महीने म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक बना रहा है। इसके साथ ही व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के तौर पर फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो तीन महीने का निचला स्तर है। इससे पहले जनवरी में एसआईपी प्रवाह 26,400 करोड़ रुपये और दिसंबर में 26,459 करोड़ रुपये रहा था। मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) में वितरण और रणनीतिक गठबंधन प्रमुख सुरंजना बोरठाकुर ने कहा, ''एसआईपी प्रवाह में कमी आई है लेकिन यह गिरावट महत्वपूर्ण नहीं है। इसकी वजह यह है कि फरवरी का महीना जनवरी के मुकाबले आंशिक रूप से छोटा होता है।''
एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी में निवेश करने वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं में पिछले महीने 29,303 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी में दर्ज 39,688 करोड़ रुपये और दिसंबर, 2024 में दर्ज 41,156 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी कम है।

**NOTICE**
IN THE COURT OF
SHRI. S.J. BHARUKA, CHAIRMAN,
MOTOR ACCIDENT CLAIMS
TRIBUNAL, WARDHA (MAHARASHTRA)
MACP No. 86/2023 Process No. 46/2025
Pending Date : 25/03/2025
Ratnamala Ghasade .....Petitioner
--VS--
Oriental Insurance co. Ltd; +2
..... Respondent
To,
Mohd. Owais Mohd. Ikram Ansari,
R/o Sikandarpur Badha (109)
Gurgaon, Hariyana - 122004.
.....Respondent No. 2
WHEREAS the above named applicant, **Ratnamala Ghasade** has made application to this Tribunal that for compensation of **Rs. 4,20,000/-** u/Sec. 166 of Motor Vehicles Act, in above case.
You are, hereby warned to appear in this Tribunal in person or by a pleader duly instructed on the **25th March 2025 at 10:30 O' Clock** in the forenoon to show cause against the application, failing wherein the said application will be heard and determined ex-parte.Also take notice that in default of your filing an address for service on or before the date mentioned you are liable to have yours defense struck out.
Given under my hand the seal of Tribunal this **24th February 2025.**
Seal
By order
Superintendent,
Judicial Branch, District Court,
Wardha. Dt. 24/02/2025

**NOTICE**
IN THE COURT OF
SHRI. S.J. BHARUKA, CHAIRMAN,
MOTOR ACCIDENT CLAIMS
TRIBUNAL, WARDHA (MAHARASHTRA)
MACP No. 88/2023 Process No. 45/2025
Pending Date : 25/03/2025
Aniket Avthale ........Petitioner
--VS--
Oriental Insurance co. Ltd; +2
..... Respondent
To,
Mohd. Owais Mohd. Ikram Ansari,
R/o Sikandarpur Badha (109)
Gurgaon, Hariyana - 122004.
.....Respondent No. 2
WHEREAS the above named applicant, **Aniket Avthale** has made application to this Tribunal for compensation of **Rs. 4,20,000/-** u/Sec. 166 of Motor Vehicles Act, in above case.
You are, hereby warned to appear in this Tribunal in person or by a pleader duly instructed on the **25th March 2025 at 10:30 O' Clock** in the forenoon to show cause against the application, failing wherein the said application will be heard and determined ex-parte.Also take notice that in default of your filing an address for service on or before the date mentioned you are liable to have yours defense struck out.
Given under my hand the seal of Tribunal this **24th February 2025.**
Seal
By order
Superintendent,
Judicial Branch, District Court,
Wardha. Dt. 24/02/2025

## पांच रेलवे कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया

**खोरधा रोड।** खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने ड्यूटी के दौरान अनुकरणीय सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित एवं कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मंडल के 5 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मान समारोह खोरधा रोड के वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नमोनारायण मीना तथा अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने कम्पानी सेठी, ट्रैक मेंटेनर/हिंदोल, प्रमोद कुमार मंडल, ट्रैक मेंटेनर/बुढ़ापंक, अमरेश बेहेरा, टीपीएम 'बी'/सदाशिवपुर, कैलाश चंद्र बारिक, शंटिंग



मास्टर/पुरी और शक्ति प्रसाद साहू टीपीएम'ए'/कामाख्यानगर को सम्मानित किया तथा इन रेल कर्मचारियों की अटूट निष्ठा की सराहना की। उन्होंने सभी रेल कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सतर्क, सजग और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहें।

## रुपया दो पैसे बढ़कर 87.19 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** शुल्क अनिश्चितताओं और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कुछ सुधार के कारण अस्थिर वैश्विक धारणा के बीच बुधवार को रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 87.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी रुपये को प्रभावित किया और घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली दबाव और विदेशी कोषों की निकासी ने इसकी बढ़त को सीमित कर दिया। इसके अलावा, बाजार प्रतिभागी सतर्क बने रहे तथा वे भारत और अमेरिका में बाद में जारी होने वाले वृहद आर्थिक आंकड़ों से संकेत मिलने की प्रतीक्षा कर रहे थे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.24 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के निचले स्तर 87.32 तक चला गया।

## वाइज फिनसर्व ने वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दिया

**नई दिल्ली।** वाइज फिनसर्व, जो कि एक अग्रणी प्राइवेट वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी है, ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) के कर्मचारियों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने के अपने मिशन को जारी रखा। कंपनी ने हाल ही में एनटीपीसी रायपुर, एनटीपीसी सिपाट और एनटीपीसी भिलाई के कर्मचारियों के लिए 7 मार्च, 8 मार्च और 10 मार्च को विस्तृत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे वे बेहतर वित्तीय निर्णय लेने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने में सक्षम हो सकें। एनटीपीसी रायपुर (7 मार्च 2025) इस वित्तीय साक्षरता सत्र का आयोजन श्री उमाकांत एच. गोव्हे, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी रायपुर द्वारा किया गया, जिन्होंने वाइज फिनसर्व को कर्मचारियों को वित्तीय योजना और निवेश रणनीतियों पर शिक्षित करने के लिए आमंत्रित किया। एनटीपीसी सिपाट (8 मार्च 2025) – श्री अशोक कुमार, जीएम, एनटीपीसी सिपाट और अखिल चतुर्वेदी, जीएम, एनटीपीसी सिपाट ने इस सत्र का आयोजन किया, जिससे कर्मचारियों को वेल्थ मैनेजमेंट और रिटायरमेंट प्लानिंग पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
**खानपुर कलां (सोनीपत)**
मर्सी चांस नोटिस
भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक साल 2006 से अब तक की उन छात्राओं को मर्सी चांस (mercy chance) देने का निर्णय लिया गया है, जो छात्राएं अपनी डिग्री /डिप्लोमा/किसी कारणवश निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं कर सकी। फार्म भरने की तिथि 24/03/2025 से 15/04/2025 तक है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर उपलब्ध है।
कुलसचिव
संवाद 1239/11/76/2025/32735/C/88/7 दि. 12.03.2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 CrPC देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संगीता, पत्नी श्री प्रवीण, निवासी शकूर बस्ती, रानी बाग, झुग्गी, नई दिल्ली** ने **E-FIR No. 339/2019, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना सरोजिनी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संगीता** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संगीता** फरार हो गई है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रही है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 339/2019, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना सरोजिनी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संगीता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार,
श्री वैभव कुमार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कोर्ट नं.13, प्रथम तल, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
DP/2975/SW/2025 (Court Matter)

## सेबी ने राइट्स इश्यू की समय सीमा 23 दिन की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाजार नियामक सेबी ने इक्विटी शेयर के राइट्स इश्यू के लिए प्रसंस्करण समय को घटाकर 23 दिन कर दिया है। इस पहल का मकसद इसे कोष जुटाने का तरजीही विकल्प बनाना है। इसके अलावा, नियामक ने राइट्स इश्यू के मामले में संबंधित निवेशकों को आवंटन को लेकर लचीली व्यवस्था प्रदान की है। इसके तहत सेबी ने टिप्पणी जारी करने के लिए पेशकश का मसौदा दाखिल करने की वर्तमान आवश्यकता को समाप्त कर दिया है। इसके बजाय इसे सैद्धांतिक मंजूरी के लिए शेयर बाजारों को दिया जाएगा क्योंकि कंपनी पहले से ही एक सूचीबद्ध इकाई है। इस कदम से कारोबार सुगम होगा और राइट्स इश्यू की प्रक्रिया तेज होगी।इसके अलावा, यह कदम कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी के भविष्य की वृद्धि में और भी अधिक भाग लेने का अवसर देगा। सेबी ने कहा कि राइट्स इश्यू को आवेदन के लिए कम-से-कम सात दिन और अधिकतम 30 दिन के लिए खुला रखा जाएगा।

## चांदी में आया 1,300 रुपये का उछाल

- फुटकर लिवाली से सोने में मामूली तेजी
- सोना 60 रुपए बढ़कर 88,850 रुपए प्रति दस ग्राम

**नई दिल्ली।** मामूली खुदरा लिवाली के साथ-साथ आभूषणों की मांग के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में मामूली तेजी आई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 60 रुपये की तेजी के साथ 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इसका पिछला बंद भाव 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 60 रुपये की तेजी के साथ 88,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर करीब तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले बाजार बंद में यह 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 2,915.73 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''आर्थिक चिंताओं और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण डॉलर के पांच महीने के निचले स्तर तक कमजोर होने से सोने की कीमतें स्थिर रहीं।

**चिकित्सा**
बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## लगातार चौथे दिन सेंसेक्स व निफ्टी में रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को मामूली गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 73 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका में वृद्धि को लेकर चिंता के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 72.56 अंक की गिरावट के साथ 74,029.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504.16 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 27.40 अंक फिसलकर 22,470.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 168.35 अंक तक टूट गया था।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक व्यापार को लेकर लगातार अनिश्चितताएं और अमेरिका में मंदी की आशंका घरेलू बाजार को प्रभावित कर रहा है।



- आईटी शेयरों में रही भारी बिकवाली

सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, जोमैटो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) TATA MOTORS TACE GOLD
REG. NO. DL1LAH4865-YOM- 2022
2) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAJ3856-YOM-2022
3) MAH SUPMAXITRK
REG. NO. HR38AG2746-YOM-2023
4) EICHR_VECV VE1112FB
REG. NO. UP14KT9192-YOM-2022
5) EICHR_VECV PRO2075CBC
REG. NO. UP14KT2755-YOM-2021
6) TATA MOTORS TATAACE
REG.NO. DL1LAJ7795-YOM -2023
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

**उत्तर रेलवे**
ई–निविदा सूचना
वरि. मं. वि. इंजी / ई.एम.यू. / गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते है:

| निविदा संख्या | 232-Elect-TW-WC-01-24-25 |
|---|---|
| कार्य का विवरण एवं स्थान | 3 वर्ष की अवधि के लिए कर्मिस मेक डीजल इंजन प्रकार (एन–743एल, एन–855आर, केटीए–19आर और वीटीए–1710एल) की ओवरहालिंग |
| निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 2,57,72,450.35 inclusive of GST |
| धरोहर राशि | Rs. 2,78,900.00 (online payment mode available on IREPS website) |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 Months |
| ऑफर की अवधि | 60 days |
| निविदा विज्ञापन की तिथि (on IREPS website) | 12.03.2025 16:34 Hrs. |
| निविदा जमा करने की तिथि (on IREPS website) | 20.03.2025 to 03.04.2025 12:00 Hrs. |
| निविदा समापन कि तिथि एवं समय | 03.04.2025 12:00 Hrs. |
| निविदा खुलने कि तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 03.04.2025 12:30 Hrs. |
| निविदा छपाई कि लागत (allocation) | 07041132 |

**Note:** 1. All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void".
**Note 2:** Duplicate documents should not be enclosed/uploaded.
निविदा सूचना website www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
232-Elect-TW-WC-01-24-25 Date: 12.03.2025 793/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता–पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5805




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर–4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी–4)
8.हवा,समीर–3
9.रुष्ट,गुस्सा होना–2
11.सफेद,श्वेत–3
12.हमेशा,सदैव–4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा–2
15.सिर्फ,महज–3
17.अनाज का कण–2
19.आधुनिक,नया–5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा–5
25.सदैव–2
26.ध्वजा–3
27.अधिकार–2
28.असमकक्ष–4
30.चिलमन,नकाब–3
31.वायु रोग–2
33.नल,टोंटी–3
35.आवश्यकता–4
36.शमशीर–4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी–2
3.नीच,अपराधी–4
4.बिजली कौंधना–5
5.बंदर,मर्कट–3
6.जूं का अंडा–2
7.दक्षता,होशियारी–4
10.उपकार,दया भार–4
13.कुचलना,दबाना–3
16.आमदनी–3
17.मूल्य,कीमत–2
18.वाद्य यंत्र–2
20.बहादुरी–3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
22.नाज,नखरा–2
23.उत्तराधिकारी–3
24.आधुनिकता–4
25.झिझकना–5
26.हौसला, ताकत–4
28.शत्रुता,दुश्मनी–4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू–3)
32.पेड़,दरख्त–2
34.औषधि–2

### शब्द पहेली- 5804 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |



# 150 करोड़ का एक मैच, कंगाल पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी से नहीं हुई तनिक कमाई

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्ता ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रावलपिंडी स्टेडियम के नवीकरण पर 150 करोड़ रुपए खर्च किए पर थे, परंतु वहां एक ही मैच हुआ और दो धुल गए। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की 8 साल बाद वापसी करवाई, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई थी।

पाकिस्तान 29 साल के बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी कर रहा था, ऐसे में दावे किए गए कि मैदानों के नवीकरण के लिए 8 बिलियन पाकिस्तानी रुपयों का प्रोजेक्ट पास किया गया था। यह रकम भारतीय रुपयों में करीब 561 करोड़ रुपए के बराबर है। खैर टीम इंडिया खिताब जीत चुकी है, अब सभी खर्चों का आंकलन करके जो आंकड़े बाहर आए हैं, वे पाकिस्तान के लिए जरा भी अच्छे प्रतीत नहीं हो रहे हैं।

## पाकिस्तान को जबरदस्त घाटा

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आयोजन के लिए रावलपिंडी, कराची और लाहौर के मैदानों का नवीकरण किया गया था। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार केवल रावलपिंडी के मैदान की बात करें तो इसे नया बनाने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 1,50 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। फ्लडलाइट्स को एलईडी लाइट्स में बदलने के लिए 393 मिलियन रुपए रुपये खर्च किए जाने थे। इसके अलावा हॉस्पिटेलिटी बॉक्स, टॉयलेट और मुख्य भवन के निर्माण हेतु 400 मिलियन की रकम आवंटित की गई थी। मैदान में एलईडी डिजिटल स्क्रीन को बदलने के 330 मिलियन रुपयों की राशि खर्च की जानी थी। निर्माण कार्य के दौरान मैदान में बैठने की व्यवस्था की जमकर आलोचना हुई थी। बता दें कि नई सीटों को लगाने के लिए 272 मिलियन रुपए एलॉट किए गए थे।




## तीनों स्टेडियम में हुई ओपनिंग सेरेमनी


आपको बताते चलें कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीनों स्टेडियम में अलग-अलग ओपनिंग सेरेमनी करवाई थी। नामी सिंगर से लेकर डांसर्स ने उद्घाटन समारोह में चार चांद लगाए थे। मगर उद्घाटन समारोह में कितना खर्चा हुआ, उसे लेकर कहीं भी स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। पाकिस्तान में हुए मैचों की बात करें तो मैदान अधिकांश मौकों पर खाली दिखाई दे रहे थे, ऐसे में टिकटों की बिक्री से भी पीसीबी को हुए खर्चे की भरपाई शायद ही हो पाई होगी। हालांकि ब्रॉडकास्टिंग डील से बोर्ड ने जरूर मोटी कमाई की होगी। मगर शायद ही पीसीबी को उतने पैसे मिले होंगे, जिससे खर्च किए पैसों की बरपाई हो पाए।

## एक मैच पर खर्च 150 करोड़

रावलपिंडी स्टेडियम के नवीकरण पर 150 करोड़ रुपए तो खर्च हुए, लेकिन इस मैदान पर केवल एक ही मैच संपन्न हो पाया। ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच बारिश की भेंट चढ़ गए थे। ऐसे में रावलपिंडी मैदान में सिर्फ बांग्लादेश और न्यूजीलैंड का मैच संपन्न हो पाया। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या केवल एक मैच से पीसीबी 150 करोड़ की भरपाई कर पाया होगा।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल : भारत के बिना लॉर्ड्स को होगा 45 करोड़ का नुकसान

**लंदन।** भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई न कर पाने से लॉर्ड्स को जून में इस पांच दिवसीय मैच की मेजबानी करते समय लगभग चार मिलियन पाउंड (लगभग 45 करोड़ रुपए) का नुकसान होने की आशंका है। पिछले दो सत्र में उपविजेता रहने के बाद भारत फाइनल में जगह बनाने से चूक गया। खिताबी मुकाबले में अब ऑस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'भारत के क्वालीफाई करने में विफल रहने के कारण आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए लॉर्ड्स को लगभग चार मिलियन पाउंड कम राजस्व प्राप्त होगा।'



## खबर संक्षेप




### सलमान 'इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग' के ब्रांड दूत बने


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को इस साल अक्टूबर में होने वाले इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग' के दूसरे सत्र के लिए बुधवार को आधिकारिक ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। पिछले साल अपने शुरुआती सत्र में भारत में मोटरस्पोर्ट्स के परिदृश्य को बदलने का दावा करने वाली इस लीग ने कहा कि इस बॉलीवुड सुपरस्टार की बड़ी छवि और व्यापक लोकप्रियता लीग के लिए बड़े पैमाने पर बदलाव लाएगी। यह साझेदारी आईएसआरएल जैसे मुख्यधारा के मनोरंजक खेल को नए युग में ले जाएगी।
सलमान ने लीग से जुड़ने पर कहा, 'मैं उस चीज का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जिसे लेकर मैं बहुत भावुक रहता हूं। आईएसआरएल दीर्घकालिक योजना के साथ वास्तव में क्रांतिकारी पहल है। इस लीग में मनोरंजन का बहुत महत्व है और यह जुनून और कौशल के साथ ऐसे नायकों को बनाने की क्षमता रखता है जो अगली पीढ़ी को प्रेरित करेंगे। हम 'सुपरक्रॉस' को भारत में एक घरेलू नाम बनाने और अपने राइडर्स को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।'

### बीएफआई ने अनुराग का नाम हटाया




**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने 28 मार्च को होने वाले चुनाव के निर्वाचक मंडल में शामिल करने के लिए अनुराग ठाकुर के नामांकन को बुधवार को खारिज कर दिया और कहा कि पूर्व खेल मंत्री हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के पात्र नहीं हैं। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने चुनाव के लिए ठाकुर और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी के नाम भेजे थे। बीएफआई ने 60 सदस्यीय निर्वाचक मंडल की सूची जारी की जिसे जांच के बाद अंतिम रूप दिया गया।

### रोहन-रुतविका का ऑल इंग्लैंड में जीत से आगाज




**बर्मिंघम।** भारत के रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाडे की जोड़ी ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में तीन गेम में जीत दर्ज करके ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में जगह बनाई। रोहन और रुतविका की दुनिया की 40वें नंबर की जोड़ी ने यी होंग वेइ और निकोल गोंजालेस चैन की चीनी ताइपे की जोड़ी को यहां एरेना बर्मिंघम में पहले दौर के मुकाबले में 21-10 17-21 24-22 से हराया। लक्ष्य सेन और मालविका बंसोड़ पहले की क्रमशः पुरुष और महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर चुके हैं।

## कोहली एक पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर फिसले

# रोहित वनडे रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर तीन शुभमन गिल की बादशाहत कायम

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में 83 गेंदों पर 76 रन की पारी खेल टीम को चार विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

आठ टीमों के आईसीसी टूर्नामेंट में 218 रन बनाने वाले स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली एक पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर आ गए, जबकि श्रेयस अय्यर आठवें स्थान पर है। रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीय शामिल हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर), रचिन रवींद्र (14 स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर) और ग्लेन फिलिप्स (छह स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) की तिकड़ी भी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रही।




### उमरजई शीर्ष आलराउंडर

अफगानिस्तान के स्टार अजमतुल्लाह उमरजई ने एकदिवसीय हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त बनाए रखी है। उन्हें हालांकि न्यूजीलैंड के तीन खिलाड़ियों से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सेंटनर एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए जबकि माइकल ब्रेसवेल सात पायदान के फायदे से सातवें स्थान पर हैं। रचिन रवींद्र आठ पायदान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए।

### शुभमन बने आईसीसी के प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई। भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को फरवरी महीने के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला के मैचों में बल्ले से यादगार प्रदर्शन करने वाले गिल ने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पछाड़ते हुए बुधवार को यह पुरस्कार जीता। गिल ने फरवरी में पांच वनडे मैचों में 101.50 की औसत और 94.19 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए। गिल के लिए यह तीसरा आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान है। उन्होंने इससे पहले 2023 में दो बार (जनवरी और सितंबर) में इसे जीता था।

### गेंदबाजों में सेंटनर नंबर-2


न्यूजीलैंड के कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर ने वनडे गेंदबाजों की सूची में बड़ा सुधार किया है। फाइनल में दो विकेट के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में कुल नौ विकेट लेने वाले सेंटनर छह स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए। इस सूची में श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा शीर्ष पर हैं।

### कुलदीप और जडेजा को फायदा

कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद तीन-तीन पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गई। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप (तीसरे स्थान पर) ने टूर्नामेंट में 7 विकेट चटकाकर अपने प्रदर्शन में बड़ा सुधार किया है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अजेय प्रदर्शन के दौरान पांच विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## भारतीय कुश्ती महासंघ

# एशियाई कुश्ती के लिए 15 मार्च को ट्रायल्स



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ ने राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में अपनी स्थिति बहाल होने के बाद बुधवार को घोषणा की कि आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 15 मार्च को दिल्ली के इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह डब्लूएफआई के नए प्रशासन की देखरेख में पहला चयन ट्रायल होगा। डब्लूएफआई के नए पदाधिकारियों को चुनने के लिए 21 दिसंबर 2023 को चुनाव होने के तीन दिन बाद इसे निलंबित कर दिया गया था। एशियाई चैंपियनशिप 25 से 30 मार्च के बीच जॉर्डन के अम्मान में आयोजित की जाएगी।

## रिंकू हुड्डा के नेतृत्व में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री के भाला फेंक में भारत का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** रिंकू हुड्डा ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 के दूसरे दिन भाला फेंक के एफ 46 में 60.26 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीत भारतीय खेमे को जश्न मनाने का मौका दिया। हाल ही में गोवा में 22वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीत और चौथे एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक हासिल करने वाले रिंकू ने श्रीलंका के गामिनी केतवाला (56.88 मीटर) को बड़े अंतर से पछाड़ा। इस स्पर्धा का कांस्य पदक उज्बेकिस्तान के एल्योर्बेक एल्मातोव (43.01 मीटर) के नाम रहा। पुरुषों की भाला फेंक एफ12, एफ37, एफ42, एफ43 संयुक्त श्रेणी में भारत का दबदबा और ज्यादा था। इस श्रेणी में पोडियम पर सभी भारतीय एथलीटों ने कब्जा जमाया। पुष्पेंद्र सिंह ने 57.57 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। मोहित ने 45.45 मीटर के साथ रजत और जसवंत ने 45.94 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किये। रितेंद्र ने पुरुषों की भाला फेंक एफ 40/ एफ 41 श्रेणी में 30.33 मीटर की थ्रो के साथ भारत के लिए एक और स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों के चक्का फेंक एफ 56/ एफ 57 स्पर्धा में भारत के अतुल कौशिक ने 43.92 मीटर की थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया तो वही राम कुमार यादव ने 30.59 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक पक्का किया।

## चैंपियंस लीग

# पीएसजी, बार्सिलोना, म्यूनिख और इंटर ने दर्ज की बड़ी जीत



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने लिवरपूल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान के साथ चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पीएसजी ने दूसरे चरण के मैच में लिवरपूल को 1-0 से हराकर कुल स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पीएसजी की तरफ से यह महत्वपूर्ण गोल ओस्मान डेम्बेले ने 12वें मिनट में किया। पेनल्टी शूटआउट में डोनारुम्मा ने डार्विन नुनेज़ और कर्टिस जोन्स के पेनल्टी शॉट्स को रोककर अपनी टीम को 4-1 से जीत दिला दी। पीएसजी का अगला मुकाबला एस्टन विला या क्लब ब्रुगे से होगा। बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर रफिन्हा के दो और लैमिन यमल के एक गोल की मदद से बेनफिका को 3-1 हराया। बार्सिलोना ने इस तरह से 4-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल की। वह क्वार्टर फाइनल में बोरूसिया डॉर्टमुंड या लिली से खेलेगा।

## हॉकी झारखंड ने 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

पंचकूला। हॉकी झारखंड ने बुधवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप फाइनल के नियमित समय में 1-1 से बराबरी के बाद शूटआउट में गत चैंपियन हॉकी हरियाणा को 4-3 से शिकस्त दी। प्रमोदनी लाकड़ा (44 वां मिनट) और रानी (42 वां मिनट) ने नियमित समय में गोल किए। रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर, बिनिमा धन और कप्तान एलेबला रानी टोप्पो ने शूटआउट में गोल किया, जबकि गोलकीपर अंजलि बिंजिया के दो महत्वपूर्ण बचाव ने झारखंड की जीत को सुनिश्चित किया। हॉकी मिजोरम ने कांस्य पदक के मैच में हॉकी महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। मंजू चोरसिया (59 वां मिनट) ने अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया।

## सिंधू ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर, रोहन-रुतविका और त्रीशा-गायत्री जीते

**बर्मिंघम।** भारत की स्टार खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू बुधवार को यहां ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले दौर में कोरिया की किम गा युन के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजूद तीन गेम में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। हालांकि महिला युगल में भारत के लिए अच्छी खबर रही जहां राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने चीनी ताइपे की शुओ युन सुंग और चिएन हुई यू को 21-17, 21-13 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। पैर की मांसपेशियों में चोट के बाद वापसी कर रही 29 साल की सिंधू को एरेना बर्मिंघम में एक घंटे से कुछ अधिक समय चले मुकाबले में दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी किम के खिलाफ 21-19, 13-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने इससे पहले किम के खिलाफ 2019 में हांगकांग ओपन में एकमात्र मुकाबले में जीत दर्ज की थी। सिंधू के लिए यह एक और निराशाजनक नतीजा है। जनवरी में इंडिया ओपन सुपर 750 के क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद उसी महीने वह इंडोनेशिया मास्टर्स के पहले दौर से भी आगे बढ़ने में नाकाम रहीं थीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाडे की जोड़ी ने हालांकि कड़े मुकाबले में तीन गेम में जीत दर्ज करके मिश्रित युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में जगह बनाई।रोहन और रुतविका की दुनिया की 40वें नंबर की जोड़ी ने यी होंग वेइ और निकोल गोंजालेस चैन की चीनी ताइपे की जोड़ी को पहले दौर के मुकाबले में 21-10 17-21 24-22 से हराया। भारतीय जोड़ी का सामना दूसरे दौर में येन झी फेंग और या शिन वेइ की चीन की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा।

**भारती और समीर ने जीते एक-एक स्वर्ण पदक**

# स्नो बोर्डर्स ने भारत का खाता खोला, जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक सहित कुल चार पदक जीत कर इटली के तूरिन में खेले जा रहे स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय खिलाड़ी मंगलवार को बर्डोनेचिया में आयोजित दिन की एकमात्र पदक प्रतियोगिता स्नोबोर्डिंग में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहे।

भारती और समीर ने जहां एक-एक स्वर्ण पदक जीता, वहीं हेम चंद और हर्षिता ठाकुर ने नोविस जाइंट स्लैलम फाइनल के अपने-अपने डिवीजन में रजत पदक जीते। इन खेलों में भारत का 49 सदस्यीय दल भाग ले रहा है जिसमें 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। इन खेलों के आयोजन का उद्देश्य खेल जगत में समावेशिता और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है। इन खेलों में 102 देश के लगभग 1500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो आठ खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे।




## 2027 तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रखने की संभावना

# संन्यास नहीं वर्ल्ड कप पर होगी रोहित की नजर: पोंटिंग

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं।

रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने अच्छी पारी खेली थी। मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है। मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए।'




### अफवाह पर लगाई थी रोक

*रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में संन्यास लेने की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया था। रोहित ने कहा था, 'एक और बात, मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा हूं, बस यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि कोई और अफवाह न फैले।' पोंटिंग ने कहा कि रोहित के दिमाग में अपने करियर को जारी रखने के पीछे वनडे विश्व कप जीतने की चाहत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उनके दिमाग में यह बात होगी कि भारत उनकी कप्तानी में पिछले वनडे विश्व कप के फाइनल में हार गया था। वह वनडे विश्व कप जीतने के लिए एक और कोशिश करना चाहते होंगे। जिस तरह से उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में शानदार पारी खेली उससे आप यह नहीं कह सकते हैं कि वह चुक गए हैं।'*

## जाफर एक्सप्रेस बोलन दर्रे पर हाईजैक, यात्रियों को बंधक बनाया

100 से ज्यादा यात्री बीएलए बंदूकधारियों के कब्जे में

# पाक सरकार ने क्वेटा भेजे 200 से अधिक ताबूत, ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▶▶ क्वेटा

पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी ने मंगलवार को क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस को बोलन दर्रे पर हाईजैक कर यात्रियों को बंधक बना लिया। 28 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस बीच खबर है पाक सरकार ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में 200 से ज्यादा ताबूत भेजे हैं। अब कहा जा रहा है इस पूरी घटना में मृतकों का आंकड़ा उससे कहीं ज्यादा हो सकता है, जितना बताया जा रहा है। रेलवे के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि बलूचिस्तान के बोलन भेजने के लिए 200 से ज्यादा ताबूत क्वेटा लाए गए हैं। कहा जा रहा है अब तक पाक सेना सभी बंधकों को नहीं छुड़ा पाई है, लेकिन पाक दावा कर रहा है कि क्वेटा भेजे गए ये ताबूत प्रोटोकॉल के तहत भेजे गए हैं।



**30 पाक सैनिकों को मारा!**

पाकिस्तानी मीडिया ने कहा था कि 190 यात्रियों को अब तक छुड़ा लिया गया है अभी 24 यात्री बीएलए के कब्जे में हैं, जिन्हें मुक्त कराने के लिए बुधवार को दूसरे दिन अभियान जारी रहा। सुरक्षा बलों ने 27 बलोच लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है। वहीं बीएलए ने 30 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया था।

**पाक और क्वेटा में बनाए आपातकालीन डेस्क**

### सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल कर रहे लड़ाके

सुरक्षा से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रेन को अगवा करने में कितने लड़ाके शामिल हैं। लेकिन उनमें से कुछ के पास सैटेलाइट फोन हैं जिसके जरिये वे अपने हैंडलरों से संपर्क में हैं। ट्रेन में सवार यात्रियों के परिजनों और रिश्तेदारों को ताजा सूचना मुहैया कराने के लिए पाकिस्तान रेलवे ने पेशावर और क्वेटा में आपातकालीन डेस्क बनाए हैं। पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने के बाद क्वेटा से पेशावर के बीच दोबारा ट्रेन सेवा शुरू की थी।

### बीएलए ने यात्रियों के बीच बैठा रखे सुसाइड बॉम्बर्स

बताया जा रहा बीएलए ने बंधक बनाए गए जाफर एक्सप्रेस के यात्रियों के बीच अपने सुसाइड बॉम्बर्स बैठा रखे हैं और ये सभी सुसाइड जैकेट पहने हुए हैं, जिससे पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बंधकों को छुड़ाना मुश्किल हो गया है। पाक सरकार ने कहा कि उसने अब तक 155 यात्रियों को बचा लिया है।

## मेडागास्कर का संसदीय शिष्टमंडल भारत पहुंचा



# भारत भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों का सहयोगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेडागास्कर की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जस्टिन टोकेली के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल भारत दौरे पर है। इस शिष्टमंडल ने मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य सांसदों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बिरला और मेडागास्कर संसदीय शिष्टमंडल के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई।

■ स्पीकर बिरला ने की द्विपक्षीय वार्ता

इस दौरान बिरला ने शिष्टमंडल को भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और संसदीय समितियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। वहीं बैठक के दौरान भारत और मेडागास्कर के मजबूत ऐतिहासिक संबंधों पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच व्यापार, संस्कृति और आपसी संपर्क का सैकड़ों वर्षों का इतिहास रहा है। मेडागास्कर, हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है, और दोनों देशों की साझेदारी क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहायक है।

### हम 'सागर' को प्राथमिकता दे रहे

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि भारत हमेशा भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार है और इसके लिए 'सागर'( सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रिजन) दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत आपदा के समय अपने पड़ोसी देशों की मदद करने में हमेशा अग्रणी रहा है और 'वसुधैव कुटुंबकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार) के सिद्धांत का पालन करता है।

### 'प्राइड' की क्षमताओं पर प्रकाश डाला

इसके अलावा बिरला ने लोक सभा के प्रशिक्षण संगठन 'प्राइड' की क्षमताओं पर प्रकाश डाला और मेडागास्कर के सांसदों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश की। उन्होंने कहा कि यह पहल दोनों देशों के संसदीय संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी और उनके सांसदों को संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारतीय संसदीय दल के कई सांसदों, जिनमें रवि किशन भी शामिल रहे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर दी जानकारी

# म्यांमार से दो सैन्य विमानों से हुई 549 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि फर्जी नौकरी के जाल में फंसकर म्यांमार पहुंचे 549 भारतीयों को सुरक्षित देश वापस लाया गया है। इनमें से ज्यादातर लोग महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। मंत्रालय ने प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सभी लोगों को भारत-थाईलैंड सीमा पर मौजूद साइबर अपराध केंद्रों से भारत वापस लाया गया है। इसके लिए भारतीय वायुसेना के दो विमानों का प्रयोग किया गया। यह सभी फर्जी नौकरी के जाल में फंसे हुए पीड़ित भारतीय हैं। सरकार ने इनकी सुरक्षित वतन वापसी की व्यवस्था की और उसी के तहत बीते सोमवार को 283 स्वदेश पहुंचे और उसके अगले दिन मंगलवार को 266 लोगों की वापसी संभव हुई। इस पूरी कवायद में म्यांमार और थाईलैंड में मौजूद भारतीय दूतावास ने भारत सरकार को मदद प्रदान की है। जिससे भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी संभव हुई है।

### देश छोड़ने से पहले करें पूरी पड़ताल

विदेश मंत्रालय ने पिछले सोमवार देर रात इस संबंध में एक बयान जारी कर कहा था कि सरकार दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में फर्जी नौकरी के जाल में फंसकर पहुंचे भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसमें म्यांमार भी शामिल है। एक बार देश से बाहर निकलने पर फर्जी नौकरी के रैकेट से जुड़े लोग इन्हें साइबर अपराधों और अन्य वांछित गतिविधियों में शामिल कर देते हैं। लोगों को सतर्क व सावधान करने के लिए भारत सरकार संचार के विभिन्न माध्यमों से लगातार परामर्श जारी करती रहती है। उक्त प्रक्रिया के तहत पुनः भारतीयों को केंद्र की तरफ से आगाह किया गया है कि वो भारत से बाहर निकलने से पहले विदेशी नियोक्ता, कंपनी या एजेंट के बारे में संबंधित देश में मौजूद भारतीय मिशन या दूतावास से पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। उसके बाद ही कोई कदम उठाएं।

पुर्तगाल में तीन साल में तीसरी बार होंगे आम चुनाव

# संसद में विश्वास मत हारी अल्पसंख्यक सरकार

एजेंसी ▶▶ लिस्बन

पुर्तगाल की अल्पसंख्यक सरकार ने मंगलवार को संसद में विश्वास मत खो दिया, जिसके कारण उसे इस्तीफा देना पड़ा और इस वजह से यूरोपीय संघ के देश में तीन साल में तीसरा आम चुनाव होंगे। देश में सरकार का पतन राजनीतिक अस्थिरता का सबसे बुरा दौर है, जब पुर्तगाल ने 50 साल से भी अधिक समय पहले 1974 की कार्नेशन क्रांति के बाद लोकतांत्रिक प्रणाली अपनाई थी, जिसने चार दशक की तानाशाही को खत्म कर दिया था। पुर्तगाल में 1974 की क्रांति के बाद यह सबसे बड़ी राजनीतिक अस्थिरता देखी जा रही है। लगातार बनी अल्पसंख्यक सरकारें अपने कार्यकाल पूरे नहीं कर पा रहीं और विपक्ष उन्हें गिरा रहा है। नए चुनाव




संभावित रूप से मई में होंगे, जिससे देश कई महीनों की राजनीतिक अनिश्चितता में फंस सकता है।

### पीएम मोंटेनेग्रो पहले से अल्पमत में

प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो की सरकार अल्पमत में थी, जिसके पास 230 में से सिर्फ 80 सीटें थीं। वहीं विपक्षी सोशलिस्ट पार्टी और कट्टरपंथी चेगा पार्टी समेत 128 सांसदों ने सरकार के खिलाफ मतदान किया। मोंटेनेग्रो सरकार भ्रष्टाचार और हितों के टकराव के आरोपों से घिरी थी।

**अमेरिका-यूक्रेन वार्ता पर रूस की नजर**

# गोलाबारी रोकने व युद्धविराम पर तैयार हुए राष्ट्रपति जेलेंस्की



एजेंसी ▶▶ कीव

अमेरिका ने रूस को 30 दिन के युद्धविराम प्रस्ताव पर विचार करने को कहा है। अमेरिका के प्रस्ताव पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने अस्थाई तौर पर युद्धविराम को अपनी सहमति प्रदान कर दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यूक्रेन गोलीबारी रोकने और बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है।

■ यूए विदेश मंत्री रुबियो ने की पुष्टि

अब फैसला रूस को लेना है। वहीं अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ इस हफ्ते मॉस्को जा सकते हैं और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को फिर से सैन्य मदद देने का फैसला किया है, जिसमें खुफिया जानकारी साझा करना भी शामिल है। वहीं युद्धविराम के प्रस्ताव का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वागत किया और कहा कि अब गेंद रूस के पाले में है। जबकि अमेरिका ने रूस से साफ जवाब देने को कहा कि क्या वह युद्ध रोकने को तैयार है या नहीं।

### अमेरिकी प्रस्ताव का इंतजार कर रहे

केमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि वे अमेरिकी प्रस्ताव की विस्तृत जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं रूसी सांसद कोन्सटेंटिन कोसाचेव ने कहा कि रूस युद्ध के मैदान पर बढ़त बना रहा है, इसलिए समझौते हमारे शर्तों पर होने चाहिए, न कि अमेरिका के। इधर रूसी खुफिया एजेंसी एसवीआर के प्रमुख सेर्गेई नारिश्किन और सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने फोन पर बातचीत की है। इस दौरान साझा हितों और संकट प्रबंधन पर चर्चा हुई।

**वायुसेना के लिए की जाएगी अश्विनी रडार की खरीद**

# रक्षा मंत्रालय ने किया बीईएल के साथ 2906 करोड़ का समझौता



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद (बीईएल) के साथ 2 हजार 906 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके जरिए वायुसेना के लिए लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार (अश्विनी) की खरीद की जाएगी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस रडार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के इलेक्ट्रानिक्स एंड रडार विकास प्रतिष्ठान द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ विकसित किया गया है। यह अत्याधुनिक ठोस अवस्था प्रौद्योगिकी पर आधारित एक सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कैंड फेज्ड एरे रडार (एईएसए) है। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

### अश्विनी रडार की खूबियां

*अश्विनी रडार उच्च गति वाले लड़ाकू विमानों से लेकर मानव रहित जहाजों और हेलिकॉप्टरों जैसे धीमी गति वाले लक्ष्यों का पता लगाने में सक्षम है। इसकी खरीद से वायुसेना की रणनीतिक तैयारियों को काफी मजबूती मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता भारत के रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम के विकास के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। साथ ही इससे विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता को कम करके रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।*

**खत्म नहीं हो रहा अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच टैरिफ वॉर**


# ईयू का यूएस पर 26 अरब यूरो के शुल्क लगाने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स (बेल्जियम)

स्टील और एल्युमिनियम पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के अमेरिका के फैसले के जवाब में यूरोपीय संघ (ईयू) ने भी वॉशिंगटन के औद्योगिकी और कृषि उत्पादों पर नए शुल्क लगाने का ऐलान किया, जिसका मकसद अमेरिकी राज्यों पर दबाव बनाना है। दुनिया का सबसे बड़ा व्यापारिक ब्लॉक ईयू पहले से अमेरिकी फैसले को लेकर तैयार था। अमेरिका और ईयू के संबंधों में पहले से ही तनाव चल रहा था। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नए फैसले ने इस तनाव को और बढ़ा दिया है। पिछले महीने अमेरिका ने यूरोपीय देशों को चेतावनी दी थी कि उन्हें भविष्य में अपनी सुरक्षा खुद देखनी होगी।

### बड़े टैरिफ में कपड़े, घरेलू उपकरण और कृषि उत्पाद भी शामिल

ईयू के टैरिफ अमेरिका से आयात होने वाले करीब 26 अरब यूरो (28 अरब अमेरिकी डॉलर)



के उत्पादों पर लागू होंगे। इसमें केवल स्टील और एल्युमिनियम ही नहीं, बल्कि कपड़े, घरेलू उपकरण और कृषि उत्पाद भी शामिल होंगे। मोटरसाइकिल, बोरबोन, पीनट बटर और जींस पर भी टैरिफ लगेंगे, जैसा ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान हुआ था। ईयू ने अमेरिकी राज्यों पर दबाव बनाने के मकसद से इन टैरिफ को लगाने की घोषणा की है। साथ ही यूरोप को अतिरिक्त नुकसान से बचाने की भी कोशिश की गई है। ये टैरिफ खासतौर पर रिपब्लिकन पार्टी द्वारा शासित राज्यों को निशाना बनाते हैं, जैसे लुइसियाना में हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के क्षेत्र में सोयाबीन, केन्सास और नेब्रास्का में मांस और मुर्गे की पोल्ट्री और अलबामा, जॉर्जिया व वर्जीनिया के कृषि उत्पाद।

### ईयू बातचीत के लिए हमेशा तैयार

यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने एक बयान में कहा कि ईयू बातचीत के लिए हमेशा खुला रहेगा। उन्होंने कहा, जब अमेरिका 28 अरब डॉलर के टैरिफ लगा रहा है, तो हम 26 अरब यूरो के टैरिफ के साथ जवाब दे रहे हैं। आयोग 27 सदस्यों देशों की ओर से व्यापार और वाणिज्यिक विवादों को संभालता है। उन्होंने आगे कहा, हम मानते हैं कि आज की दुनिाया में जहां भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताएं हैं, वहां यह ठीक नहीं है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था पर टैरिफ का बोझ डालें।

### हमें गहरा अफसोस

ट्रंप ने कहा था कि उनके टैरिफ से अमेरिका में नौकरियां बढ़ेंगी। इस पर वॉन डेर लेने ने कहा, नौकरियां दांव पर हैं। यूरोप और अमेरिका दोनों में कीमतें बढ़ेंगी। उन्होंने कहा, हम इस कदम पर गहरा अफसोस जताते हैं। टैरिफ कर हैं। ये व्यापार के लिए खराब हैं और उपभोक्ताओं के लिए और भी खराब हैं। ये टैरिफ आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर रहे हैं। ये अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता लाते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109